हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री



### ज्यादातर लोगों को जनजागरूकता की जानकारी नहीं

पेट्रोल पंप एसोसिएशन के निर्णय को लेकर अलग-अलग पेट्रोल पंप पहुंचकर लोगों से बात की गई तो उन लोगों ने ऐसे किसी भी तरह की जनजागरूकता अभियान की जानकारी होने की बात से इनकार किया। लोगों ने शहरी क्षेत्र में हेलमेट की अनिवार्यता को गैर जरूरी बताया। बगैर हेलमेट की पेट्रोल नहीं मिलने के सवाल पर लोगों ने सवाल उठाते हुए कहा कि पेट्रोल भरवाने के समय कोई किसी से हेलमेट मांग कर पहन लेगा, फिर उन्हें वापस कर देगा। फिर ऐसे अभियान का क्या औचित्य।

### आउटर के पेट्रोल पंप पर सख्ती जरूरी

दोपहिया वाहन चालकों के अनुसार शहरी क्षेत्र के बजाय हाईवे के पेट्रोल पंप पर बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने एसोसिएशन को निर्णय लेना चाहिए। हाईवे में दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन दोपहिया चलाना चाहिए। इससे हाइवे में दोपहिया से नियमित आवाजाही करने वाले हेलमेट पहनने प्रेरित होंगे।

# बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने के आदेश की जगह जनजागरूकता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रोड एक्सीडेंट में दोपहिया वाहन चालकों की जान बचाने छत्तीसगढ़ पेट्रोल, डीजल एसोसिएशन ने बाइक चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़, पेट्रोल डीजल डीलर एसोसिएशन हेलमेट पहनने जनजागरुकता अभियान चला रहा है। एसोसिएशन के अनुसार उन लोगों ने बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने के आदेश की जगह जनजागकता अभियान चला रहे हैं। एसोसिएशन के अनुसार इसके लिए सभी पेट्रोल पंप में फ्लैक्स लगाए जा ▶▶शेष पेज 11 पर

## पेट्रोल पंप में जनजागरण के लिए लगाए जा रहे फ्लैक्स

### लोग पैनिक हो जाएंगे इसलिए सख्ती नहीं

■ एक सिंतबर से बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने छत्तीसगढ़ पेट्रोल, डीजल एसोसिएशन ने लिया है निर्णय

एसोसिएशन के अनुसार एक सितंबर से जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। पहले दिन से बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने से उनके पैनिक होने की आशंका थी। इस वजह से एसोसिएशन ने ऐसे लोगों को हेलमेट पहनने हिदायत देने तथा उन्हें भविष्य में बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने चेतावनी देने की बात कही।

### जनजागरूकता अभियान

एक सितंबर से पेट्रोल पंप में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने एसोसिएशन ने निर्णय लिया है। इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। लोगों को हेलमेट पहनने प्रेरित किया जाएगा। जनजागरूकता अभियान के बाद दोपहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट के पेट्रोल लेने आएंगे, उन्हें पेट्रोल नहीं देने निर्णय लिया गया है। **- अभय पारख** कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ डीजल, पेट्रोल एसोसिएशन


B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


## गणेश मूर्तियों के सम्मान पूर्वक विसर्जन के लिए 8 क्रेन की व्यवस्था, जोन 8 ने किया टेंडर

# गणेशोत्सव की धूम, इधर खारुन में तैयारी, कुंड में तैनात रहेंगे 90 गोताखोर, पूजा के लिए 10 आचार्य भी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में बैंड बाजे के साथ धूमधाम से विराजे गणपति बप्पा 6 सिंतबर को अनंत चतुर्दशी को विदा होंगे। विसर्जन का सिलसिला तीन दिनों तक चलेगा। इसके लिए महादेवघाट स्थित विसर्जन कुंड को तैयार कर लिया गया है। जोन 8 कमिश्नरी ने कुंड की सफाई करवाने के बाद दोबारा साफ पानी भरने का काम पूरा कर लिया है। बप्पा की आकर्षक मूर्तियों के सम्मान पूर्वक विसर्जन के लिए स्थल पर तीन पाली में 90 गोताखोर मौजूद रहेंगे। यानी एक पाली में 30 गोताखोरों की डयूटी लगाई जा रही है। गोताखोर उपलब्ध कराने नगर निगम जोन 8 ने टेंडर कर दिया है।

दरअसल, शहर में 11 दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव पर्व का 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद समापन होगा। इस दिन शहरभर में अलग-अलग पंडालों और घरों सहित अन्य स्थलों पर स्थापित सिद्धिविनायक की मनोहारी प्रतिमाओं को महादेवघाट स्थित विसर्जन कुंड विदाई देने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। नगर निगम प्रशासन अभी से इसकी तैयारियों में जुट गया है। विसर्जन कुंड में जमी गंदगी को साफ कराने के बाद दोबारा उसमें पंप की सहायता से नदी का साफ पानी भरा गया है। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने हरिभूमि को बताया कि 8-8 घंटे की ▶▶शेष पेज 11 पर

### रंगाई पोताई का काम निगम ने कराया पूरा, पीडब्लूडी करा रहा बैरिकेडिंग





### आपात स्थिति के लिए एसडीआरएफ माना की टीम

महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड स्थल के आसपास नदी किनारे माना के एसडीआरएफ का दस्ता आपात स्थिति पर नजर रखने मौजूद रहेगा। इसके अलावा आकस्मिक आगजनी पर नियंत्रण के लिए फायरब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध रहेगी। साथ ही आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम और स्वास्थ्य कैंप के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था रहेगी।

**तालाबों के पास 40 अस्थायी विसर्जन कुंड :** नगर निगम द्वारा जोन स्तर पर शहर के तालाबों के पास छोटी मूर्तियों के सम्मानपूर्वक विसर्जन के लिए 40 अस्थायी विसर्जन कुंड की व्यवस्था रहेगी, जहां छोटी मूर्तियां सम्मान के साथ श्रद्धालुओं से लेकर निगम की गाड़ियों में उसे विसर्जन स्थल तक पहुंचाया जाएगा।

### मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराने 10 आचार्य रहेंगे मौजूद

गणपति विसर्जन के लिए सुबह से देर शाम तक विसर्जन स्थल पहुंचने वाले आयोजकों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निगम प्रशासन द्वारा 10 आचार्यो की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए संस्कृत कालेज से आचार्य बुलाए जाएंगे, जिन्हें निगम की ओर से सम्मान राशि भी मिलेगी। कुंड के पास श्रद्धालुओं से मंत्रोच्चार के साथ आचार्य जन प्रतिमाओं का विसर्जन कराने मौजूद रहेंगे। वहीं विसर्जन स्थल पर पूजन सामग्री को अलग से रखने की व्यवस्था बनाई जा रही है।

### तीन शिफ्ट में जोन अधिकारी की टीम बनाकर डयूटी

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा गणेश विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 10 जोन के जोन कमिश्नर सहित जोन के अधिकारी, कर्मचारी की टीम बनाकर 3 अलग-अलग पाली में डयूटी लगाई जाएगी। जो विसर्जन कुंड में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन व्यवस्था के सुचारू संचालन की मानिटरिंग करने मौजूद रहेंगे। 8-8 घंटे की डयूटी तीन पाली में लगायी जा रही है। विसर्जन कुंड स्थल इसके लिए अलग से मंच रहेगा, जहां से वे बैठकर पूरे स्पॉट की निगरानी करेंगे। इसके अलावा नावों की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, सार्वजनिक प्रसाधन व्यवस्था के लिए मोबाइल टायलेट वाहन भी स्थल पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगस्त में 156 मिमी. कम बारिश

## सितंबर के अगले तीन दिन अच्छी बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगस्त महीने में कम बारिश कराने वाला मानसून सितंबर की शुरुआत में प्रदेश में सक्रिय होने का अनुमान है। सोमवार को दोपहर रायपुर में बादल जमकर गरजने के साथ जोरदार ढंग से घंटेभर तक बरसे भी। अगले तीन दिन रायपुर के अलावा बिलासपुर और दुर्ग संभाग में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। बीते महीने रायपुर जिले में 178 मिमी. वर्षा हुई जो औसत से 156 मिमी. कम मगर प्रदेश में 279 मिमी. बारिश सामान्य स्थिति में था।

■ सोमवार को दोपहर जमकर गरजे और बरसे बादल, लालपुर में 34 मिमी. वर्षा

रायपुर में सुबह के वक्त धूप थी जिससे उमसभरी गर्मी ने परेशान किया। दोपहर होने के बाद अचानक बादल छाए गए जो जमकर गरजे साथ ही घंटेभर झमाझम रूप से बरसे। बारिश इतनी जोरदार थी कि घंटेभर में लालपुर के मौसम वेधशाला में 34 मिमी. बारिश दर्ज कर ली गई है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिन रायपुर समेत प्रदेश के मध्य हिस्से में बारिश की गतिविधि बनी रहेगी। इस दौरान ▶▶शेष पेज 11 पर

### बंगाल की खाड़ी में सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे म्यांमार तट के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से एक कम दबाव का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है। इस मौसमी तंत्र का प्रभाव मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ रहने के आसार हैं। बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में 2 से 4 सितंबर तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और एक दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की उम्मीद है। अगले चौबीस घंटे में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर और रायपुर संभाग के पूर्वी जिले संभावित है।

## खबर संक्षेप

### अभा वन खेलकूद आज चयन स्पर्धा

**रायपुर।** उत्तराखंड में आगामी 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर होगा। खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने छत्तीसगढ़ वन विभाग ने भी तैयारी तेज कर दी है। खेलकूद प्रतियोगिता के लिए मंगलवार तथा बुधवार को कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें प्रतियोगिता में शामिल करने उत्तराखंड भेजा जाएगा।

### खड़ी गाड़ी से 158 लीटर डीजल चोरी, चार गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने एक ट्रांसपोर्ट मुंशी की शिकायत पर एक नाबालिग समेत चार डीजल चोरों को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार आरोपी कबीर नगर थाना क्षेत्र के हैं। वेदप्रकाश साहू की शिकायत पर पुलिस ने राजाराम, रोहित, अर्जुन फुलेरिया तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। वेदप्रकाश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 अगस्त को वाहन चालक मुर्गी दाना लेकर निकला था, रात ज्यादा होने की वजह से वाहन चालक एक टायर दुकान के पास वाहन पार्क कर सो गया। वाहन चालक के सोने के बाद अज्ञात चोर टंकी से डीजल चोरी कर ले गए। वेदराम की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया।

### मोहल्ले में आने का कारण पूछने पर कैंची से हमला

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक व्यक्ति ने भाठागांव के एक युवक के खिलाफ उसके भाई पर कैंची से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बढ़ाईपारा निवासी चाय नाश्ता की दुकान संचालित करने वाले शेखर गुप्ता ने अमित साहू उर्फ बाबा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शेखर ने पुलिस को बताया कि अमित उसके पड़ोस में रहने वाले एक परिवार की लड़की से मिलने के लिए आता था। इसे लेकर मोहल्ले वालों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। रविवार देर रात अमित पुनः मोहल्ले में आया था। इस पर शेखर के भाई द्वारिका ने अमित से मोहल्ले में बार-बार आने का कारण पूछा, इस पर अमित भड़क गया और द्वारिका के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके पेट पर कैंची से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## एक करोड़ की ड्रग मामला

# एमडीएमए प्रकरण में पंजाब और रायपुर से चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ड्रग खपाने के चर्चित हनी ट्रैप मामले में पुलिस को नव्या की मोबाइल जांच में कई चौंकाने वाले नंबर मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक नव्या के मोबाइल से पुलिस को जिन लोगों के नंबर मिले हैं, उनमें कई पुलिस अफसरों के नाम बताए जा रहे हैं। इसके साथ ही वीआईपी रोड स्थित होटल कारोबारी से लेकर क्लब, पब संचालकों के नंबर पुलिस को नव्या के मोबाइल से मिले हैं। पुलिस ने नव्या के एक मददगार को रायपुर टिकरापारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पाकिस्तान कनेक्शन से जुड़े एक करोड़ के ड्रग रैकेट मामले में लवजीत को मादक पदार्थ देने के आरोप में पुलिस ने पंजाब, अमृतसर से दो और तस्करों को गिरफ्तार किया है। कबीर नगर अफीम तस्करी ▶▶शेष पेज 11 पर

■ नव्या के मोबाइल में कई अफसरों के साथ होटल, क्लब संचालकों के नंबर मिले

# खिड़की तोड़कर बैंक में घुसे चोर, गैस कटर से लॉकर काटने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बदमाश राजधानी पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। रविववार रात तेलीबांधा थाना क्षेत्र के आउटर जोरा में बदमाशों ने यूको बैंक में धावा बोलकर गैस कटर से लॉकर काटकर चोरी की असफल कोशिश की। सायरन की आवाज सुनकर बदमाश तीन गैस कटर सहित अन्य औजार मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घटना रविवार देर रात की है। वारदात के तरीके को देखते हुए बदमाशों के लोकल होने के बजाय बाहरी होने की आशंका ▶▶शेष पेज 11 पर

■ चोरी में असफल होने पर सीसीटीवी कैमरा डीवीआर ले भागे



### तैयारी के साथ पहुंचे थे बैंक

मौके पर पहुंची पुलिस तथा डॉग स्क्वाड की टीम के अनुसार चोर तैयारी के साथ बैंक में पहुंचे थे। पुलिस अफसरों के अनुसार घटना को अंजाम देने के पूर्व बदमाशों ने बैंक की अच्छे से रैकी की। उसके बाद बैंक में चोरी करने पहुंचे थे। जिस बैंक में चोरी की कोशिश हुई है, वह आउटर का इलाका है। साक्ष्य छिपाने चोर बैंक में लगे सीसीटीवी, डीवीआर साथ ले गए। इसके अलावा मॉडम सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर ले गए।

## एमआर, दवा कारोबारी कर रहे थे नशे का अवैध कारोबार

*तीन साल में आठ लोगों से बरामद हुई थी भारी मात्रा में प्रतिबंधित टेबलेट*

# नशे का काला कारोबार करने वाले सौदागरों को 10 तथा 15 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रतिबंधित टेबलेट की अवैध खरीद-बिक्री करने वाले नशे के आठ सौदागरों में से चार को 10 तथा चार को 15 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई है। आरोपियों को क्रमशः एक-एक तथा डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। आजाद चौक पुलिस ने 10 अक्टूबर 2022 को नशे के सौदागारों के कब्जे से अल्प्राजोलम, ट्रामाडोल की 42 हजार के करीब टेबलेट जब्त की थी। ▶▶शेष पेज 11 पर




फाइल फोटो

### सजा सुनाए जाने के बाद बिलखते दिखे परिजन

फैसला सुनाए जाने के दिन आरोपियों के परिजन कोर्ट पहुंचे थे। कोर्ट ने आरोपियों को जैसे ही फैसला सुनाया, उनके परिजन रोते-बिलखते दिखे। कोर्ट में पेश आरोपियों को पुलिस परिजनों से किसी तरह अलग कर वैन में बैठाकर जेल लेकर पहुंची।

### यह है पूरा मामला

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में नशे का जाल फैलाने गिरोह देश के अलग-अलग राज्यों से प्रतिबंधित टेबलेट मंगाकर दवा कारोबारियों के अलावा नशे का कारोबार करने वाले लोगों को बेचते थे। पुलिस ने जे. भास्कर राव, नियाजुद्दीन को बाइक में प्रतिबंधित टेबलेट ले जाते गिरफ्तार किया। उन दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने पेशे से एमआर मुकेश, दवा कारोबारी रविंद्र गोयल तथा थोक दवा कारोबारी मोहम्मद हसन तथा साहिल सहित दो अन्य को गिरफ्तार किया। जिन लोगों को कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है, वे लोग राज्य में प्रतिबंधित टेबलेट खरीदी-बिक्री करने का रैकेट खड़ा करना चाहते थे।

# जांच समितियों को मोहलत पे मोहलत, संभाग आयुक्त बिफरे, अफसरों से कहा-जल्द से जल्द रिपोर्ट पेश करें

## भारतमाला परियोजना घोटाला में किसानों की आई दावा-आपत्तियों पर समितियों की जांच धीमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर और धमतरी जिले में भारत माला परियोजना में मुआवजा घोटाला से संबंधित किसानों की आई शिकायत एवं दावा-आपत्तियों की जांच रायपुर संभाग कमिश्नर करा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने चार टीमें भी बनाई हैं, लेकिन ये टीम शिकायत एवं दावा-आपत्तियों की जांच तक नहीं कर पा रही हैं, जिसके कारण संभाग कमिश्नर को इन समितियों को मोहलत पे मोहलत देते आ रहे हैं। इधर केंद्र ने भी अब राज्य सरकार से इस घोटाला की जांच रिपोर्ट मांगी है। इसे देखते हुए कमिश्नर महादेव कावरे ने आनन-फानन में सोमवार को इन चारों समितियों के साथ बैठक की और उनसे जांच रिपोर्ट को लेकर चर्चा की। इस दौरान समितियों के अफसरों ने जांच में देर होने के कारणों की जानकारी दी। इधर कमिश्नर समिति के अफसरों पर बिफरे और जल्द से जल्द जांच पूरी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### इस तरह की आई है शिकायत एवं दावा-आत्तियां

कमिश्नर के निर्देश पर रायपुर और धमतरी जिले में भारत माला परियोजना से प्रभावित हुए किसानों से दावा-आपत्तियां एवं शिकायत संबंधित आवेदन मंगाए गए हैं। इन दोनों जिले से लगभग साढ़े चार सौ आवेदन किए गए हैं, जिनमें दावा-आपत्ति के साथ शिकायतें भी हैं। इन आवेदनों का पहले संभाग कमिश्नर ने अध्ययन किया। इसके बाद इन आवेदनों पर जांच कराने के लिए चार समितियों का गठन किया है। इन समितियों में संभाग उपायुक्त, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार स्तर के अधिकारी शामिल है।



**जल्द रिपोर्ट देने कहा है**

*जांच समितियों की बैठक ली। इसमें दो समितियों की रिपोर्ट नहीं आई है। इन दोनों को जल्द से जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।*

**- महादेव कावरे**
संभाग
कमिश्नर रायपुर

### एक माह का मिला था समय, ढाई माह में नहीं कर पाई जांच

इन चारों समितियों को जांच के लिए बिन्दु तय किए गए हैं। इन बिंदुओं पर ही समितियों को एक माह के भीतर जांच करना था। इसके तहत समितियों को आवेदक किसानों से मिलकर उनका बयान लेने के साथ उनकी जमीन के दस्तावेजों की जांच, स्थानीय पटवारी के साथ स्पॉट पर जाकर किसान की जमीन का मुआयना, कितना मुआवजा मिला, कितना मिलना था, क्यों नहीं मिला। इन सभी बिंदु पर रिपोर्ट तैयार किया जाना है, लेकिन ढाई माह बाद भी दो समिति अब तक जांच पूरी कर नहीं पाई है।

### चार बार मोहलत

संभाग कमिश्नर ने ढाई माह में जांच रिपोर्ट को लेकर लगभग चार बार समितियों के साथ बैठक कर चुके हैं। दो बार की बैठक में चार में से एक भी समिति ने रिपोर्ट पेश नहीं किया था। तीसरी बार की बैठक में एक समिति ने रिपोर्ट पेश की, वहीं चौथी बैठक के पहले एक और समिति ने रिपोर्ट पेश की है। इस तरह बार-बार मोहलत मिलने के बाद भी समितियां जांच करने में असफल रही हैं।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गुरु खुशवंत और अग्रवाल कल लेंगे कार्यभार

**रायपुर।** तीन नए मंत्रियों को शपथ दिलाए जाने के बाद शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शपथ लेने के दो दिन बाद कार्यभार ले लिया था। दो अन्य मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल बुधवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण करेंगे। बताया गया है कि शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री विदेश यात्रा पर रवाना हो गए थे। तीनों नए मंत्रियों को मंत्रालय में कक्ष का आवंटन जीएडी ने कर दिया। कौशल विकास विभाग के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री ब्लॉक के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 1 से 5 और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल को चौथे फ्लोर पर कक्ष क्रमांक 23 से 26 आवंटित कर दिया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद दोनों मंत्रिसों द्वारा विभागीय अफसरों की बैठक लेकर विभाग के कामकाज के बारे में जानकारी लेंगे।





### यूरिया की किल्लत-कालाबाजारी पर आप ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सोमवार को रायपुर के कलेक्टर कार्यालय के सामने अम्बेडकर चौक पर प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। आप के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया है कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है।

# प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा का प्रयोग करना कांग्रेस की पुरानी मानसिकता : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र भाषा का प्रयोग करना कांग्रेस की मानसिकता है। बिहार में चल रही मतदाता अधिकार यात्रा को लेकर कहा, देश के सर्वोच्च पद पर बैठे हुए और बड़ी पारदर्शिता के साथ इन 11 वर्षों में भारत और भारत के नागरिकों का सम्मान बढ़ाने वाले नेता के बारे में कुछ अभद्र टिप्पणी करेंगे, तो उसका प्रतिफल तो मिलेगा। उन्होंने कहा, देश की जनता कांग्रेस के कृत्यों को भली भांति समझती है। एक जनसभा में कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री मोदी और उनकी माता के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और कांग्रेसियों को लगता है कि जनता खुश होगी।



श्री देव ने कहा, पहले भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दल इस तरह की अभद्र भाषा और झूठ बोलकर भ्रम फैलाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष ने मोदी आ जाएंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे, संविधान में परिवर्तन कर देंगे कहकर दुष्प्रचार किया, पर क्या हुआ। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा, कांग्रेस समेत विपधी दलों का तो किसी भी संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। वे किसी के ऊपर विश्वास नहीं करते। उनको यह लगता है कि वह जो भी झूठ परोसेंगे, जनता उसको सही मान लेगी, तो यह हिंदुस्तान में संभव नहीं है। गुजरात के चुनाव में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति किस तरीके से कांग्रेस ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। यह तो मर्यादाविहीन राजनीति है और राजनीति की स्वस्थ परंपरा नहीं है। इस तरह की भाषा किसी भी चुनाव में कांग्रेस व विपक्ष के अनुकूल वातावरण बनाने में कारगर साबित नहीं होगा।

## भाजपा महिला मोर्चा करेगा आज कांग्रेस कार्यालय का घेराव

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा, भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अभद्र भाषा व उनकी माताजी के लिए अपशब्दों के प्रयोग के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा के तत्वाधान में मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने के साथ ही विशाल रैली, प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। श्रीमती अवस्थी ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदर्शन की जानकारी देते हुए कहा, पहले बीटीआई मैदान (शंकर नगर) पर आमसभा की जाएगी। इसके बाद यहां से रैली के रूप में चलकर राजीव भवन (कांग्रेस कार्यालय) का घेराव किया जाएगा। इस दौराम मातृ-शक्ति के साथ जनप्रतिनिधि और अलग-अलग सामाजिक संगठनों से जुड़ीं सहयोगी बहनें विरोधस्वरूप काली साड़ी या काला दुपट्टा, काले सिंबल के साथ भारी संख्या में उपस्थित रहेंगी। श्रीमती अवस्थी ने कहा, गुजरात के मुख्यमंत्रित्व काल से लेकर आज तक गांधी परिवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाने का काम किया है। लेकिन अब तो कांग्रेस के लोगों ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। एक मां के इस अपमान को 140 करोड़ देशवासी कभी माफ नहीं करेंगे। बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री श्री मोदी और उनकी स्वर्गीय माताजी के लिए कांग्रेस और आरजेडी के मंच से जिस प्रकार गालियों से भरी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह घोर निंदनीय है। अपने इसी महिला विरोधी चरित्र के चलते कांग्रेस हमेशा देश की मातृ-शक्ति का अपमान करती आई है। अब तो मातृ-शक्ति का अपमान कांग्रेस की पहचान बन गई है, लेकिन अब मातृ-शक्ति का अपमान यह देश कतई नहीं सहेगा।

■ **मातृ-शक्ति का अपमान कांग्रेस की पहचान : विभा अवस्थी**





## भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के नेतृत्व में राजधानी रायपुर के मेकाहारा चौक पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। बिहार के दरभंगा में भरे मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिहा ने कहा, कांग्रेस और उसके नेता लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणियां करते रहे हैं और हर बार देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साथ दिया है और कांग्रेस के भ्रम में न आकर देश के सच्चे सेवक के साथ खड़े हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष रायपुर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, महामंत्री सत्यम द्ववा, अकबर अली, अमित मैशरी, गोविंदा गुप्ता, अर्पित सूर्यवंशी, राहुल राय सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्माण कार्यों की जांच तो हुई लेकिन 1174 मामलों में नहीं दी रिपोर्ट, भड़के मुख्य परीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सात निर्माण विभागों में कार्यों की जांच के बाद 1174 मामलों में अब तक जवाब नहीं देने के कारण मुख्य तकनीकी परीक्षक भड़क गए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी संभागों के कार्यपालन अभियंताओं से इसका जवाब सात दिन में मांगा है। उन्होंने कहा कि जवाब न देने पर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) आर. पुराम ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के निर्माण विभागों के सभी संभागों के कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बड़ी संख्या में लंबित निरीक्षण प्रतिवेदन के मद्देनजर उन्होंने सभी कार्यपालन अभियंताओं को इसके निराकरण के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी है। इसके बाद भी रिपोर्ट पेश न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए नामजद प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाएगा।



### लोक निर्माण विभाग के सबसे ज्यादा मामले लंबित

बैठक में श्री पुराम ने 30 जून की स्थिति में लोक निर्माण विभाग से संबंधित 493, जल संसाधन के 308, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 203, नगरीय प्रशासन एवं विकास के 11, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 73, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड और छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज के 86 लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों की संभागवार समीक्षा की और संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को तत्परता से इसका परीक्षण कर उत्तर भिजवाने के निर्देश दिए।

### हर तीन माह में होती है समीक्षा

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा मुख्य तकनीकी परीक्षक के कार्यों के त्रैमासिक प्रगति की समीक्षा की जाती है। संगठन द्वारा स्थल निरीक्षण किये जाने के पश्चात निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किया जाता है, जिसका जवाब संबंधित कार्य विभागों से प्राप्त कर निरीक्षण प्रतिवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

## टेक्नोलॉजी में दक्ष हो रहे कर्मचारी



**रायपुर।** प्रोजेक्ट दक्ष के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद् तिल्दा नेवरा एवं कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को कंप्यूटर और मोबाइल के मूल उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट, ईमेल जैसे उपयोगी टूल्स की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय, रायपुर,
जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़

**शपथ पत्र**

मैं श्याम बिहारी जायसवाल (SHYAM BIHARI JAISWAL) उम्र लगभग 49 वर्ष, पता- मकान नं. 123, वार्ड नं. 01, तिराहापारा, रतनपुर, खड़गवां, पोस्ट आफिस- तमडांड, जिला- मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड - 497449 का निवासी हूं। जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूं कि -

1. यह की मेरा स्थायी पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरी पत्नी (SPOUSE) का नाम कान्ती के नाम से दर्ज है।
3. यह कि मेरी पत्नी के सभी दस्तावेजों एवं आधार कार्ड में उनका नाम कान्ती जायसवाल के नाम से दर्ज है।
4. यह कि मुझे मेरे पासपोर्ट में पत्नी (SPOUSE) का नाम कान्ती (KANTI) की जगह कान्ती जायसवाल (KANTI JAISWAL) के रूप में दर्ज करने हेतु इस शपथ पत्र की आवश्यकता हुई है।
5. भविष्य में मेरे किसी भी प्रयोजन के लिए मेरे दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम कान्ती जायसवाल (KANTI JAISWAL) नाम से ही दर्ज किया जाएगा।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं श्याम बिहारी जायसवाल यह शपथ करता हूं कि कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक में वर्णित समस्त तथ्य मेरी जानकारी अनुसार सत्य एवं सही हैं, जिस पर बिना किसी दबाव के आज दिनांक 01 सितंबर 2025 को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन किया।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर छ.ग.

**शपथ पत्र**

मैं चंद्रिका अवस्थी (Chandrika Awasthi ) उम्र 45 वर्ष, पिता श्री पन्ना लाल अवस्थी, निवासी- मकान नं 181/60 परमेश्वरी चौक शिवोम विद्यापीठ के पास, गणपती नगर न्यु चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन करता हूँ कि

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
02. यह कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी आधार कार्ड जिसका आधार नंबर-5538 9492 8547 है। जिसमें मेरा नाम चंद्रिका अवस्थी (Chandrika Awasthi) अंकित है।
03. यह कि मेरे कक्षा 10 वी एवं 12 वी के अंकसूची में मेरा नाम चंद्रिका प्रसाद अवस्थी (Chandrika Prasad Awasthi) अंकित है।
04. यह कि उपरोक्त दोनो नाम चंद्रिका प्रसाद अवस्थी (Chandrika Prasad Awasthi) एवं चंद्रिका अवस्थी (Chandrika Awasthi) एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरे स्वयं का नाम है किसी अन्य व्यक्ति का नाम नही है। असत्य पाये जोन पर समस्त जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
05. यह कि पूर्व में मेरा नाम चंद्रिका प्रसाद अवस्थी (Chandrika Prasad Awasthi) था जिसे बदलवाकर अब मैंने चंद्रिका अवस्थी (Chandrika Awasthi) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे चंद्रिका अवस्थी (Chandrika Awasthi) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।
06: यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक कि कथन सत्य व सही है। अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 30.08.2025

शपथकर्ता

# प्रदेश को नशीले पदार्थों का डपिंग यार्ड नहीं बनने देंगे : विजय शंकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने प्रदेशभर में नशीले पदार्थों के गोरखधंधे पर अंकुश लगाने और इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किए जाने पर कहा, यह कार्रवाई नशामुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में बढ़ते विष्णु के सुशासन का सख्त संदेश है। छत्तीसगढ़ को नशीले पदार्थों का डंपिंग यार्ड कतई नहीं बनने दिया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार नशे के गोरखधंधे की रोकथाम के लिए लगातार सख्ती से कार्य कर रही है। 2019 में जो कांग्रेस के शासनकाल में कांग्रेस से जुड़ा व्यापारी नशे का गोरखधंधा चलाता था, उस व्यापारी से नव्या मलिक के कनेक्शन का खुलासा हुआ है। नव्या मलिक और नशे के कारोबारी कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ में सूखे नशे का कारोबार चला रहे थे। डॉ. मिश्रा ने कहा, केंद्र सरकार एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार लगातार नशे के कारोबार को रोकने के लिए कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में सूखे नशे और अवैध शराब का कारोबार कांग्रेस नेताओं और पिछली कांग्रेस सरकार के सत्ताधीशों की सरपरस्ती में इन्हीं लोगों के द्वारा चालू किया गया था। अब प्रदेश की भाजपा सरकार नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों और उनके प्रमुख सोर्स तक पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। डॉ. मिश्रा ने बताया, एनडीपीसी एक्ट के तहत नशे के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए रायपुर रेंज में 2024 में कुल 490 प्रकरण दर्ज किए गए थे, वहीं 2025 में अब तक 372 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। 2024 में गांजा 10831 किलोग्राम, ब्राउन सुगर 1.82 ग्राम, अफीम/डोडा 4155.056 किलोग्राम, हेरोइन 53.135 मिलीग्राम, कोकीन 188 ग्राम, टेबलेट 36447 नग, सिरप 780 नग, इंजेक्शन 3242 नग जब्त किए गए, वहीं 2025 में अब तक पुलिस ने गांजा 4130 किलोग्राम, अफीम/डोडा 0.395 किलोग्राम, हेरोइन 31984.335 मिलीग्राम, चरस 7.15 मिली ग्राम, टेबलेट 26898 नग, सिरप 748 नग, इंजेक्शन 644 नग जब्त किया है।



# सरकारी खजाने में पैसा जमा करने का सिस्टम बदला, अब एक बार में पांच प्रकार के पेमेंट हो सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी खजाने में चालान के माध्यम से जमा करने के लिए अब नया सिस्टम लागू किया जा रहा है। अब से पहले तक ये व्यवस्था थी कि अगर किसी को अलग-अलग हेड में राशि जमा करनी होती, तो उसे उतने ही बार चालान भरना होता था, लेकिन अब पांच प्रकार के भुगतान एक ही हेड में एक बार में ही हो सकेंगे। फिलहाल ये व्यवस्था स्टेट बैंक के माध्यम से संचालित होगी। बाद में अन्य एजेंसी बैंकों के के जरिए भी ये सुविधा मिलने लगेगी।

### सरकार ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त और सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। इस आदेश में ई चालान पोर्टल में मल्टीहेड चालान की सुविधा के बारे में जानकारी दी गई है। आदेश के मुताबिक संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा ई चालान पोर्टल में मल्टीहेड (एक मुख्य शीर्ष के अंतर्गत 05 विभिन्न शीर्षों में) राशि जमा करने की सुविधा वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से प्रारंभ कर दी गयी है, शीघ्र ही अन्य एजेंसी बैंकों के माध्यम से भी मल्टीहेट चालान में राशि जमा करने की सुविधा प्रारंभ कर दी जायेगी।

### नई व्यवस्था में इस तरह होगा काम

सरकारी खजाने में चालान जमा करने की नई व्यवस्था को इस तरह समझा जा सकता है। जैसे कि कोई अभ्यर्थी सीजी पीएससी की एक परीक्षा दिलाने के लिए एक चालान के माध्यम से राशि जमा करवाता है। यही अभ्यर्थी अगर एक और या दो तीन अन्य परीक्षाओं के लिए भी राशि जमा करवाना चाहता है तो उसे हर परीक्षा के लिए अलग अलग चालान नहीं भरना होगा। वह पांच प्रकार की परीक्षा के लिए एक ही हेड में राशि जमा कर सकता है।

### पेमेंट गेटवे सिस्टम खत्म

बताया गया है कि मल्टीहेड चालान सिस्टम शुरु होने से पहले राज्य में पेमेंट गेटवे सिस्टम से सरकारी खजाने में राशि जमा कराने का प्रावधान था। यह व्यवस्था अब से करीब 20 साल पहले लागू की गई थी। अब ये पुरानी व्यवस्था खत्म की जा रही है। सरकार ने कहा है कि वे सभी विभाग, जिनमे शासकीय प्राप्तियों को जमा करने के लिए एक से अधिक शीर्ष का उपयोग एक समय में किया जाता है. उन सभी विभागों के शासकीय प्राप्तियों हेतु चालान जमाकर्ताओं को ऑनलाइन ई चालान सिस्टम से राशि जमा करना होगा।

**नगरीय निकाय चुनाव में नहीं दिया खर्च का ब्योरा**

# पांच प्रत्याशी नहीं लड़ पाएंगे चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग ने लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनावों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाया है। चुनाव में हिस्सा लेने वाले सभी प्रत्याशियों को निर्वाचन खर्च का विस्तृत ब्योरा आयोग को प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है। कई प्रत्याशियों ने समय सीमा बीतने के बाद भी अपना खर्च विवरण आयोग को नहीं सौंपा। आयोग ने पांच प्रत्याशियों पर पांच साल के लिए चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया है। जिन प्रत्याशियों पर यह कार्रवाई हुई है, उनमें नगर निगम बिलासपुर के महापौर पद के प्रत्याशी कमलेश पटेल, नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कृपा शंकर, नगर पंचायत मरवाही की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी मंजूलता रोहित परस्ते, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के प्रत्याशी दिनेश ताम्रकार तथा नगर पंचायत समोदा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी देवनारायण साहू शामिल हैं।




### पहले नोटिस जारी किया गया था

निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि चुनावी खर्च का ब्योरा जमा न करने वाले प्रत्याशियों को नियमानुसार पहले नोटिस जारी किया गया था। नोटिस दिए जाने के बावजूद प्रत्याशियों ने खर्च का विवरण प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद आयोग ने निर्वाचन नियमों के तहत यह सख्त कार्रवाई की।

### खर्च का ब्योरा देना चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा

चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि खर्च की जानकारी देना चुनावी प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है। इसका उद्देश्य चुनावी पारदर्शिता बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि उम्मीदवार काले धन का उपयोग न करें। यदि कोई प्रत्याशी इस प्रक्रिया की अनदेखी करता है, तो उसे भविष्य में चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं दिया जाता। इस कार्रवाई के बाद राज्यभर के अन्य प्रत्याशियों को भी स्पष्ट संदेश गया है कि आयोग नियमों के पालन को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

SAVE
UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स
सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
महेन्द्र कम्पनी • मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 4049406/7/8
DAD 4099504

## खबर संक्षेप



### गुखेरा में इतवारी त्योहार धूमधाम से मनाया गया

**आरंग।** ग्राम गुखेरा में प्रतिवर्षानुसार इतवारी त्योहार धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भगवान सत्य नारायण वृत कथा का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासियों ने भगवान को विविध भोग अर्पित किए एवं कहानी भी सुनी तथा वाद्य यंत्र ढोलक मंजीरा से आरती भी की, सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ने बताया कि इस दिन काम धंधे से फुरसत हो समस्त ग्राम वासी सुख समृद्धि व विकास, मंगल कामना को लिए हुवे पूजा अर्चन करते है इस अवसर पर पंच गण रेखराज देवांगन डेविड ढीढी दीनदयाल कुर्रे गोवर्धन मेहर कुशाल देवांगन रोहित बघेल सनत बघेल उप सरपंच गंगा घासीराम कुर्रे परशु रात्रे भोला यादव सहित माताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### भरेगाभाठा में आंबा के लिए हुआ भूमिपूजन



**अभनपुर।** ग्राम भरेगाभाठा के भाटापारा मोहल्ला मे बच्चो व महिलाओ के पोषण और शिक्षा के उद्देश्य से लगभग 11 लाख रूपये की लागत से गांव के जनप्रतिनिधियो व वरिष्ठ नागरिको द्वारा आंगनबाड़ी निर्माण हेतू भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच निलेश यादव,उपसरपंच महेश सोनवानी,मोहन कोसले,ललित यादव,पवन बांधे,इंदल निषाद,जेठू सोनवानी,भूपेन्द्र मांडे,अमन धीवर,देवेन्द्र कोसले,पीतांबर भारती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रोजेक्ट दधीची : नंदकुमार ने लिया संपूर्ण देहदान का संकल्प, समाज को मिली प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदखुरी

■ जिले में अब तक 35 लोगों ने अंग और देह दान की राह पर

वास्तविक में जीते जी तो हम कुछ नहीं कर सकते इस मरणोपरांत अपना देह किसी के काम आ सके इस आशा के साथ शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयक श्री नंदकुमार ध्रुव ने प्रोजेक्ट दधीची के अंतर्गत संपूर्ण देहदान का संकल्प लेकर समाज के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में प्रोजेक्ट दधीचि का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत आमजन आगे आकर अपनी भागीदारी दे रहे है। आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने श्री ध्रुव को इस मानवीय निर्णय के लिए शॉल तथा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें



सम्मानित किया। श्री ध्रुव ने कहा कि मैंने महापुरुषों की किताब पढ़कर जाना की वास्तविक में जीते जी अगर हम कुछ नहीं कर सके तो कम से कम मरणोपरांत अपना देहदान कर किसी के नई जीवन के दरवाजे खोल सके, किसी के काम आ सके इस मंशा से मैंने आज अपने संपूर्ण देहदान का संकल्प लिया है। कलेक्टर डॉ सिंह के मार्गदर्शन में संचालित प्रोजेक्ट दधीची अब तक 35 लोग अंगदान एवं देहदान के माध्यम से जीवनदान का प्रतीक बन चुके हैं। इसका उद्देश्य समाज में अंगदान और देहदान को लेकर जागरूकता फैलाना और भ्रांतियों को दूर करना है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने आमजनों से अपील की कि वे भी इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाएं और जरूरतमंदों के लिए जीवन की नई उम्मीद बनें। इस मौके पर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मनमानी : खाद के अभाव में फसलें हो रही प्रभावित पर प्रशासन है मौन

# दो माह से यूरिया खाद की किल्लत से किसान बेहाल, कालाबाजारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

■ खुले बाजार में महंगी दामों पर चोरी छिपे खाद बेची जा रही

एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े-बड़े वादे करती है, वहीं दूसरी तरफ धरसींवा क्षेत्र में किसान पिछले दो महीने से यूरिया खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सरकारी व्यवस्था की नाकामी का आलम यह है कि निजी दुकानों पर यूरिया का स्टॉक पूरी तरह से खाली हो चुका है, जबकि सरकारी सोसाइटियों में सिर्फ चुनिंदा किसानों को ही खाद मिल रही है।

दो महीनों से यूरिया की किल्लत ने किसानों को बेहाल कर दिया है। जहाँ एक ओर धान की फसल को यूरिया की सख्त जरूरत है, वहीं दूसरी ओर खाद न मिलने से फसल बर्बाद होने की कगार पर है। इस मौके का फायदा कुछ मुनाफाखोर व्यापारी उठा रहे हैं। खुले बाजार में यूरिया उपलब्ध नहीं है, लेकिन चोरी-छिपे ऊंचे दामों पर कालाबाजारी जारी है। मजबूर किसान मुंहमांगी कीमत देकर भी खाद खरीदने को तैयार हैं, पर वह भी उन्हें नहीं मिल पा रही।




### सरकारी सोसाइटी की मनमानी

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि सरकारी सोसाइटियों में यूरिया होने के बावजूद, वह सभी किसानों को नहीं मिल पा रही है। सोसाइटी प्रबंधन का कहना है कि यूरिया सिर्फ उन्हीं किसानों को दी जाएगी जिनका पंजीकरण बैंक से हुआ है। इस नियम से वे तमाम छोटे और सीमांत किसान वंचित रह गए हैं, जिन्होंने बैंक से पंजीकरण नहीं कराया है। किसानों का आरोप है कि यह नियम केवल दिखावा है, असल में सरकारी तंत्र की सुस्त कार्यप्रणाली और मनमानी के चलते किसानों को परेशान किया जा रहा है।

### फसल पर दिख रहा खाद संकट का असर

खाद की कमी का सीधा असर अब खेतों में दिखने लगा है। धान की पत्तियां पीली पड़ने लगी हैं, जिससे फसल की पैदावार पर गहरा संकट मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते यूरिया नहीं मिली, तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी।
प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल,,
स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठा है। किसानों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बावजूद, यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सवाल यह उठता है कि जब सरकारी सोसाइटियों में यूरिया है, तो उसे सभी जरूरतमंद किसानों तक क्यों नहीं पहुंचाया जा रहा? क्या सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी केवल कागजी वादों तक ही सीमित है? धरसींवा के किसान आज इन सब सवालों का जवाब मांग रहे हैं और जल्द से जल्द यूरिया उपलब्ध कराने की गुहार लगा रहे हैं, ताकि उनकी खून-पसीने की कमाई बर्बाद न हो जाए।

### खाद का वितरण नियम से होगा

सहकारी सोसायटी में पंजीकृत किसानों को सरकारी कीमत पर खाद उपलब्ध कराते है और अभी भी स्टॉक में हमारे पास यूरिया है मगर निजी किसानों को नियम विरुद खाद उपलब्ध नही करा पाएंगे।

# नवाचारों के अध्ययन के लिए नपाध्यक्ष जैन सूरत प्रवास पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

राज्य के सभी 55 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल सूरत के अध्ययन भ्रमण पर गये हुए है। जिसमे नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन भी शामिल हुए है। अपने तीन दिवसीय अध्ययन प्रवास के दौरान वे सूरत नगर निगम की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण और अपशिष्ट प्रबंधन के साथ ही शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए अपनाए गए नवाचारों का अध्ययन करेंगे। साथ ही वे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा नागरिकों से संवाद कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के गुर भी सीखेंगे। आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने मिडिया से फ़ोन पर चर्चा करते हुए बताया कि 01 से 03 सितम्बर तक सूरत में अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के तरीके सीखेंगे। इस भ्रमण से नगरीय निकायों को स्वच्छता के प्रति दृष्टिकोण बदलने में मदद मिलेगी। अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव नगर पालिकाओं को स्थायी, सहभागी एवं नवाचारयुक्त अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने में सक्षम बनाएंगे। उन्होंने बताया कि सूरत नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के एकीकृत मॉडल का अवलोकन करेंगे, जिसमें शत-प्रतिशत घर-घर अपशिष्ट संग्रहण, स्त्रोत-स्तरीय पृथक्करण प्रणाली, स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन, अपशिष्ट प्रोसेसिंग यूनिट्स, जीपीएसयुक्त अपशिष्ट वाहन प्रणाली, रियल-टाइम ट्रैकिंग एवं आईसीसीसी के माध्यम से निगरानी शामिल हैं। इनके साथ ही वे प्रतिभागी सर्कुलर इकोनॉमी एवं नवाचार से जुड़ी पहलों जैसे बायोमाइनिंग, वेस्ट-टू-वेल्थ, लैंडफिल प्रबंधन, आरआरआर केंद्रों तथा सामुदायिक सहभागिता आधारित शून्य अपशिष्ट पहल का भी अध्ययन करेंगे।

# नेत्रदान पखवाड़े में छात्रों के आंखों की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग




प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक लोग नेत्रदान के लिए प्रेरित होकर नेत्रदान कर सके। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा मिथलेश चौधरी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी अनंत के निर्देशन में 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत विकासखंड के सभी सेक्टरों के विद्यालयों में विशेष रूप से बच्चों का नेत्र परीक्षण किया जा रहा है। जिसमें दृष्टि दोष से चयनित बच्चों को चिन्हित कर उचित उपचार व चश्मा दिया जा रहा है। वही सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया।

जिसमें दृष्टि दोष से चिन्हित बच्चों को उपचार हेतु परामर्श दिया गया। नेत्र सहायक अधिकारी अन्नपूर्णा वर्मा ने बताया अब तक छटेरा सेक्टर में गौरभाट,मोखला, अकोली कला, अकोली खुर्द,खपरी भलेरा,पांहदा में एक हजार से अधिक बच्चों का नेत्र परीक्षण किया जा चुका है। साथ ही लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# भोथली गणेशोत्सव की आरती में भक्तों का तांता



**चंदखुरी।** बवली पारा गणेश उत्सव समिति, भोथली में गणेश उत्सव के पावन अवसर पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य (किसान मोर्चा), पूर्व जनपद सभापति जनपद पंचायत अरंग, और भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अकोली खुर्द, श्री गोविंद साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ मंडल महामंत्री राकेश सोनकर, मीडिया प्रभारी खूबचंद साहू, समिति अध्यक्ष तमराज यादव, और सदस्यगण मनोहर साहू, मनोज साहू, दौलत साहू, लोमस साहू, भूपेंद्र विश्वकर्मा, और कृष्णा साहू उपस्थित रहे। श्री गोविंद साहू ने सभी ग्रामवासियों को गणेश उत्सव की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष तमराज यादव ने जानकारी दी।

# वृद्ध दिव्यांग चिन्हांकन शिविर कल आयोजित




**कूंरा।** भारत सरकार की एडीप योजना के तहत वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए धरसींवा के मंगल भवन में एक विशाल चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 3 सितंबर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

इस शिविर में 21 प्रकार के दिव्यांगों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का पंजीकरण किया जाएगा। इस दौरान उनकी जरूरतों के अनुसार कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों की पहचान की जाएगी। ये उपकरण बाद में आयोजित होने वाले एक अन्य शिविर में वितरित किए जाएंगे। स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने बताया कि सरकार दिव्यांगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने आसपास के दिव्यांगों और वृद्धजनों को शिविर में लाएं ताकि उनके जीवन को और भी आसान बनाया जा सके।

### चिन्हांकित शिविर में चार को उपकरण दिए जाएंगे

**तिल्दा नेवरा।** दिव्यागजनों एवं वृद्ध जनों को आवश्यक उपकरण प्रदान हेतु चिन्हांकित शिविर का आयोजन 4 को तिल्दा नेवरा में आयोजित। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग रायपुर के तत्वावधान में भारत सरकार की एडीप योजना अंतर्गत वृद्धजनों एवं दिव्यागजनों को आवश्यक उपकरण प्रदाय हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर आगामी 4 सितंबर को अम्बेडकर भवन सासाहोली तिल्दा में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। वही उक्त अम्बेडकर भवन सासाहोली में उक्त शिविर तिल्दा नेवरा नगर पालिका क्षेत्र सहित तिल्दा ब्लॉक, जनपद पंचायत तिल्दा क्षेत्र एवं नगर पंचायत खरोरा क्षेत्र के लिए भी यह शिविर आयोजित है।

# हड़ताली स्कूल सफाई कर्मियों के पैदल मार्च पर लाठीचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

■ तूता के पास घंटों रहा रास्ता जाम, मानदेय की विसंगतियों को फौरन दूर करने की मांग

छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा रविवार को राज्य सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ प्रदेश स्तरीय तूता धरना स्थल में जंगी प्रदर्शन किया गया। आंदोलनकारी भाजपा सरकार के वादों को पूरा कराने के लिए एकात्मक परिसर भाजपा कार्यालय में ज्ञापन देने के लिए पैदल मार्च कूच किये। पुलिस अधीक्षक लाल उमेद् सिंह के नेतृत्व में नाकेबंदी कर तूता नहर के पास ही उन्हें मुख्य मार्ग पर रोक दिया गया। इससे घंटो चक्का जाम रहा। इस दौरान लाठीचार्ज किए जाने की

**मंत्रालय में चर्चा के लिए बुलाया:** कड़े शब्दों में आम आदमी पार्टी ने निंदा की। आम आदमी पार्टी के नेता विजय झा एवं परमानंद जांगड़े ने सभा को संबोधित करते हुए। भाजपा सरकार को जमकर लताड़ लगाते हुए। चुनाव के दौरान प्रदेश की कर्मचारियों के में किये गये घोषणा वादा जिसे भाजपा मोदी की गारंटी के रूप खूब प्रचार कर सरकार में आयी है। अब समय आ गया है की अपने वादा को पूरा करते हुए। क्रमचरियों के साथ न्याय करे। प्रशासन ने आनन फ़ानन में कर्मचारी नेताओं को पुनः मंत्रालय चर्चा के लिए बुलाया गया।



### युक्तियुक्तकरण तत्काल बंद करें

आंदोलन का नेतृत्व कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर, प्रदीप वर्मा सहित जिला संभाग के अध्यक्ष गण कर रहे थे, आंदोलनकारियों को आम आदमी पार्टी ने समर्थन देकर मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से उनकी मांगों पर मोदी की गारंटी का दिया गारंटी को पूरा करने की मांग की। आप कर्मचारी विंग प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा एवं एस.सी. विंग के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जांगड़े ने आंदोलन का समर्थन करते हुए आंदोलनकारियों की सभा को संबोधित किया। नेता द्वव ने युक्तियुक्तकरण तत्काल बंद करने, सेवा समाप्त स्कूल सफाई कर्मचारियों को वापस सेवा में लेने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने, न्यूनतम कलेक्टर दर पर मानदेय देने, सहित अन्य मांगों का समर्थन किया। वही देर रात तीन बिंदुओं पर सहमति बनने के आंदोलन कारी वापस लौटे। स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्ण कालिक करने का प्रस्ताव शिक्षा विभाग बनाकर शासन स्तर पर स्वीकृति हेतु मंत्री परिषद में भेजेगा। दूसरी मांग पर लिखित में आश्वस्त किया गया की 10000 स्कूल युक्तियुक्तकरण में बंद होने पर स्कूल सफाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त नहीं होगी। तीसरा कलेक्टर दर पर 10,500 रुपए प्रति माह देने के बारे में सिद्धान्तह सहमति। शासन को प्रस्तावित करने का स्कूल शिक्षा विभाग ने आश्वासन दिया है।

## पेज 09 के शेष...

### बिना हेलमेट पेट्रोल...

रहे हैं। फ्लैक्स के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने प्रेरित किया जाएगा। ऐसे दोपहिया वाहन चालक जो बगैर हेलमेट के पेट्रोल लेने आएंगे। उन्हें आने वाले दिनों में पेट्रोल नहीं देने का निर्णय लिया है। अभियान की जानकारी नहीं होने पर ज्यादातर दोहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट के अपने दोपहिया में पेट्रोल डलवाने गए थे। पेट्रोल पंप कर्मी उन्हें आसानी से पेट्रोल देते देखे गए। इसके अलावा शहर के किसी भी पेट्रोल पंप के कर्मियों द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को आने वाले दिनों में बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने जैसी कोई बात नहीं कही। ज्यादातर पेट्रोल पंप में जनजागरूकता संबंधित फ्लैक्स नहीं देखे गए।

### गणेशोत्सव की धूम, इधर...

तीन पाली में विसर्जन स्थल पर मूर्ति विसर्जन कराने 90 गोताखोर मौजूद रहेंगे। इसके लिए जोन स्तर पर टेंडर किया गया है। साथ ही बड़ी मूतियों के सुरक्षित और सम्मानपूर्वक विसर्जन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 8 क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। इनमें 5 क्रेन मूर्तियों के विसर्जन के लिए उपलब्ध रहेंगे, जबकि 1 क्रेन मशीन को कुंड से ढांचा निकालने के लिए रखा जाएगा, जबकि 3 क्रेन को जरूरत पड़ने पर उपयोग में लाने के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। 8 क्रेन की व्यवस्था करने जोन 8 कमिश्नरी ने टेंडर किया है।

### पश्चिमी विक्षोभ के...

कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक जुलाई में औसत कोटा से ज्यादा बरसने वाले बादल अगस्त में कंजूसी कर गए। लगातार सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश में इसका मिलाजुला असर रहा और कुल बारिश 279 मिमी. दर्ज हुई। इसके सीजन का कुल आंकड़ा 908 मिमी. तक पहुंचा जो औसत वर्षा से महज 4 मिमी. कम है। रायपुर में बारिश 178 मिमी. के आंकड़ों में सिमटी रही जो मौसम की बारिश 750 मिमी. यानी सामान्य से 10 फीसदी कम दर्ज हुई। सितंबर में बारिश की गतिविधि ठीकठाक रहने की संभावना है।

### खिड़की तोड़कर बैंक में...

जताई जा रही है। चोरी में असफल होने पर बदमाश बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर अपने साथ ले गए। बैंक के सीनियर मैनेजर प्रीतिस प्रियर्शी पंडा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रीतिस ने पुलिस को बताया है कि शनिवार शाम साढ़े छह बजे बैंक बंद कर अपने घर चले गए। रविवार अवकाश होने की वजह से कोई बैंक नहीं गया। सोमवार को बैंक के सफाई कर्मी काम करने पहुंचे, तो देखा बैंक के पीछे के तरफ की खिड़की टूटी हुई है और बैंक का सामान बिखरा पड़ा है। सफाई कर्मियों ने इसकी सूचना बैंक प्रबंधन को दी। **इसलिए रविवार को चोरी**

घटना स्थल पर पुलिस को 15 किलो तथा 5 किलो का रसोई गैस सिलेंडर के साथ एक बड़ा गैस कटर मिला है। चोरी करने का साजो सामान ले जाने चोरों ने चारपहिया वाहन का इस्तेमाल किया है। पुलिस को आशंका है कि बैंक में जिस दिन चोरी करने गए होंगे, गैस कटर तथा रसोई गैस एक दिन पहले मौके पर पहुंचा कर छिपाए होंगे। दूसरे दिन रविवार अवकाश था। इस वजह से बदमाशों ने चोरी करने रविवार का दिन चुना। **सीसीटीवी की पड़ताल:** बैंक में चोरी की कोशिश रविवार को की गई या शनिवार को यह अब तक स्पष्ट नहीं है। बदमाशों की पतासाजी करने पुलिस तथा क्राइम की टीम जोरा से महासमुंद मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका मार्ग और नवा रायपुर मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। फिलहाल पुलिस को चोरों के बारे में किसी भी तरह से कोई सुराग नहीं मिला है। टोल प्लाजा में लगे कैमरों की मदद से पुलिस संदिग्ध वाहन नंबर की पड़ताल कर रही है।

### एक करोड़ के ड्रग...

के मामले में भी पुलिस ने पंजाब से एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। नव्या मलिक के मददगार आयान परवेज के साथ लवजीत को पाकिस्तान के रास्ते पंजाब लाकर चिट्टा देने के आरोप में चरणजीत सिंह उर्फ चांद, गुरजीत सिंह उर्फ गुरुजी के साथ कबीर नगर अफीम तस्करी करने के मामले में जशनदीप सिंह उर्फ लव को गिरफ्तार किया है। ड्रग तस्करों को दबोचने पुलिस की दो से तीन टीम पंजाब में लगातार कैंप कर रही हैं। पूर्व में पकड़े गए ड्रग तस्करों की निशानदेही पर पुलिस आरोपियों की लगातार गिरफ्तारी कर रही है।

### नशे का काला...

विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर के अनुसार कोर्ट ने नियाजुद्दीन, जे. भास्कर राव, आकाश विश्वकर्मा, विरल पटेल को 10-10 वर्ष कैद के साथ एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। रविंद्र कुमार गोयल, मुकेश कुमार साहू, मोहम्मद हसन तथा साहिल हसन को 15-15 वर्ष कैद तथा डेढ़-डढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने आठों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की थी।

# करोड़ों के गार्डन में अंधेरा एवं मवेशियों का जमावड़ा



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा में करोड़ों रुपए की लागत से बने गार्डन में अंधेरा और मवेशी, कांग्रेस पार्षद ने उठाए सवाल। नेवरा हाईस्कूल मार्ग पर करोड़ों रुपए की लागत से गार्डन का निर्माण किया गया है, तिल्दा नेवरा शहर के एकमात्र उक्त गार्डन में शहर के लोग वाकिंग सहित घूमने आते जाते है। वर्तमान में उक्त गार्डन की स्थिति दयनीय हो गई है, यहां बिजली नहीं रहती, पीने के पानी का अभाव है वहीं गार्डन में भारी संख्या में मवेशी भी पहुंच रहे है, जिससे उक्त गार्डन में घूमने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आज सोमवार को वार्ड क्रमांक 5 के कांग्रेसी पार्षद राजेश कोटवानी ने सवाल उठते हुए कहा कि शहर के एकमात्र गार्डन की स्थिति वर्तमान में बद से बदतर हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार कहा है। गार्डन में मवेशियों का जमवाड़ा व्याप्त है। बिजली, पानी , वॉशरूम की व्यवस्था नहीं है और तिल्दा नेवरा नगर पालिका प्रशासन नींद में है। इस अवसर पर पार्षद राजेश कोटवानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष देवा दास टंडन, पार्षद प्रतिनिधि नानक छाबड़िया, मनोहर गेहानी, राजेश जेठवानी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष विजय हरिरमानी, गोवर्धन यदु, कैलाश गांधी,अनूप रवानी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### चैंबर में चौथी बार उपाध्यक्ष बने लाहोटी, किया सम्मान

**रायपुर।** शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी लक्ष्मीनारायण लाहोटी को लाहोटी मित्र मंडल के सदस्यों ने सोमवार को पुरानी बस्ती स्थित उनके निवास पहुंचकर उन्हें पुष्पमाला, बुके व फोटो फ्रेम भेंटकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में चौथी बार उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने तथा रायपुर सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी में मुख्य सलाहकार बनाए जाने पर दिया गया। गौरतलब है कि श्री लाहोटी की नियुक्ति 3 वर्षों की अवधि के लिए की गई है। सम्मान करने वालों में जेएस ठाकुर, छबिलाल सोनी, चेतन चंदेल, अजंता चौधरी, अन्नपूर्णा शर्मा, रिया तिवारी, रवि पंजवानी, राजकुमार पंजवानी, सुचित्रा वर्धन, वीणा रावत, हेतल चौहान, सुनीता पाठक, शुभांगी आप्टे, अरुणा यादव, कृष्णा लाहोटी, दीपिका वैष्णव, रंजीता शर्मा, दीपक रोहरा, खुशबू शर्मा, सुषमा ध्रुव, मनोज पांडे आदि शामिल थे।

### जेसीआई रायपुर कैपिटल का सिल्वर जुबली समारोह आज

**रायपुर।** समाज सेवा और युवा नेतृत्व विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाने वाली संस्था जेसीआई रायपुर कैपिटल इस वर्ष अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर गौरवशाली सिल्वर जुबली मना रही है। यह कार्यक्रम विमतारा शांति नगर में 2 सितंबर को शाम 6 बजे से आरंभ होगा। संस्था की गौरवशाली यात्रा को याद किया जाएगा और सभी पूर्व अध्यक्षों सहित सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। जेसीआई रायपुर कैपिटल की स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी। इन 25 वर्षों में संस्था ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### शिक्षक संघ ने की शिक्षा मंत्री यादव से मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर प्राचार्य पदोन्नति पश्चात पदांकन के सफल निष्पादन के लिए आभार व्यक्त किया। इस संबंध में प्रांतीय मंत्री टीकम सिंह साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि ई संवर्ग प्राचार्य पदांकन की शीघ्र कार्यवाही निष्पादन की मांग की थी। साथ ही शनिवार को शाला संचालन का समय पूर्ववत करने एवं व्याख्याता ई-संवर्ग पर शीघ्र पदोन्नति की बात कही तथा सहायक शिक्षकों का तृतीय समयमान-वेतनमान, गैर शिक्षकीय कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध, एकीकृत परिसर में जहां कक्षा एक से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित हैं, उप प्राचार्य पद का सृजन करने की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में संजय सिंह ठाकुर प्रांताध्यक्ष, ओंकार सिंह प्रमुख प्रांतीय संगठन मंत्री, डॉ. अशोक कुमार गुप्ता शामिल रहे।

## निधन

### राजेश श्रीवास्तव

**रायपुर।** प्रियदर्शिनी नगर निवासी राजेश श्रीवास्तव का 1 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे बीना श्रीवास्तव के पति, आर्किटेक्ट सुमीत श्रीवास्तव के पिता व सप्रीना श्रीवास्तव के ससुर थे।



### प्रणय गौतम

**रायपुर।** लक्ष्मीनगर पचपेड़ीनाका निवासी प्रणय गौतम का 1 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 सितंबर को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे रिटायर्ड आईजी पुरुषोत्तम गौतम के पुत्र थे।



# कॉपर-टी लगाते ही बिगड़ी नवविवाहिता की हालत, आंबेडकर अस्पताल रेफर, इलाज के दौरान मौत

## ग्राम छतौना की रहने वाली, प्रसव के लिए मंदिर हसौद सीएचसी में किया गया था भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रसव के बाद कॉपर-टी लगाते ही मंदिर हसौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवविवाहिता पूनम जोशी की अत्याधिक रक्तस्राव से हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि प्रसव सामान्य तरीके से हुआ मगर उनकी सहमति के बाद कॉपर-टी लगाने के दौरान लापरवाही बरती गई जिससे हालत बिगड़ गई और चिकित्सकीय स्टाफ ने मामला दबाने के लिए उसे आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम बखतरा के उपेन्द्र भारती ने बताया कि छतौना में रहने वाले भाई चंद्रकांत जोशी की 26 वर्षीय पत्नी पूनम जोशी को प्रसव के लिए मंदिर हसौद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया था। वहां उसकी नार्मल तरीके से डिलीवरी हुई, जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई। इसके बाद चिकित्सकीय स्टाफ ने लापरवाही बरती और पति सहित अन्य परिवारवालों को जानकारी दिए बिना पूनम को कॉपर-टी लगा दी। आरोप है कि इसके बाद पूनम की हालत बिगड़ गई और उसे ब्लीडिंग होने लगी जो रुकने का नाम नहीं ले रही थी। पूनम काफी गंभीर हो गई और मामला हाथ से निकलता देखा, तो वहां के स्टाफ ने अस्पताल की गाड़ी से उसे आधी रात आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां के डाक्टरों ने आपात स्थिति को देखते हुए पूनम का इलाज शुरू किया, मगर कुछ घंटे के बाद ही उसकी मौत हो गई। परिवार वालों का आरोप है कि वहां के चिकित्सकीय स्टाफ ने पूनम के इलाज में काफी लापरवाही बरती, जिससे उसकी मौत हो गई।

### डाक्टरों ने देर से लाने पर जताई नाराजगी

परिवार वालों ने बताया कि जब पूनम को लेकर वे आंबेडकर अस्पताल पहुंचे, तो उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई थी। प्राथमिक जांच के बाद वहां के डाक्टरों ने परिजनों के सामने क्रिटिकल कंडीशन होने के बाद पूनम को अस्पताल लाने पर नाराजगी जताई। परिजनों ने सीएचसी स्टाफ की लापरवाही के बारे में उसे बताया, जिसके बाद उसका इलाज शुरू किया गया। पूनम की जान बचाने की काफी कोशिश की गई, मगर सफलता नहीं मिली। उपेन्द्र भारती ने कहा कि इस लापरवाही की जांच कर दोषी चिकित्सकीय स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।



### एचबी बेहद कम था लापरवाही नहीं हुई

इस मामले में मंदिर हसौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. भाग्य लक्ष्मी अनंत ने कहा कि जब पूनम को अस्पताल लाया गया, तो उसका एचबी बेहद कम था। परिवार वालों न बताया था कि पूनम को 15 दिन से सर्दी-खांसी की समस्या थी। परिजनों को कॉपर-टी लगाने की जानकारी स्टाफ द्वारा दी गई थी और रेफर के बारे में बताया गया था। मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई है।

## प्रशासन का आदेश बेअसर, माफिया बेखौफ पनडुब्बीनुमा-मशीन लगाकर करा रहे रेत की चोरी


# पारागांव में अवैध उत्खनन की शिकायत के बाद खनिज विभाग की छापेमारी, मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर के निर्देश के बाद भी रायपुर जिले में खनिज विभाग और प्रशासनिक अधिकारी रेत माफिया पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं, जिससे रेत माफिया के हौसले भी लगातार बढ़ रहे हैं। प्रशासन और विभाग की ढिलाई का यह नतीजा ही है कि माफिया अब नदी से अवैध रूप से रेत निकालने का अलग-अलग तरीका अपना रहे हैं। इसके तहत पनडुब्बीनुमा मशीन का इस्तेमाल कर पीवीसी पाइप के माध्यम से नदी से रेत बाहर निकाली जा रही है। जिले के गोबरानवापारा क्षेत्र में एक रेत माफिया की ऐसी ही दंबगई का सोमवार को पर्दाफाश भी हुआ है। खनिज विभाग को शिकायत मिली थी कि पारागांव में एक माफिया भाड़े के लोगों से नदी में पनडुब्बीनुमा मशीन लगवाकर नदी से रेत चोरी करा रहा है। इस शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने यहां छापा मारा और मौके से पनडुब्बीनुमा मशीन एवं पीवीसी पाइप जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर एक भी व्यक्ति नहीं मिला। हालांकि रेत की चोरी कौन कर रहा तथा करा रहा था, इसका पता लगाया जा रहा है।

### 10 अक्टूबर तक उत्खनन प्रतिबंध के आदेश की भी अवहेलना

पर्यावरण विभाग ने बारिश के सीजन तक 10 जून से 10 अक्टूबर तक सभी रेत खदानों में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है। इस प्रतिबंध का पालन कराने के लिए जिला कलेक्टर ने भी प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर खनिज विभाग को निर्देशित किया है, लेकिन कलेक्टर के निर्देश के साथ पर्यावरण विभाग के प्रतिबंध लगाने के आदेश की भी रेत माफिया एवं उससे जुड़े लोग धज्जियां उड़ा रहे हैं। यही वजह है कि जिले में अभी भी माफिया पनडुब्बीनुमा मशीन के माध्यम से नदी से रेत निकाल रहे हैं।



### शिकायत पर कार्रवाई

विभाग को शिकायत मिली थी कि पारागांव में पनडुब्बीनुमा मशीन लगाकर नदी से रेत निकाली जा रही है। अभनपुर तहसील के साथ संयुक्त कार्रवाई कर टीम ने यहां दबिश दी और पीवीसी पाइप एवं मशीन जब्त की है।
- उमेश भार्गव, सहायक खनिज अधिकारी रायपुर

### शामिल लोगों का पता लगाया जा रहा

नदी से अवैध रूप से रेत निकालने में कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। इसके बाद उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया जाएगा।
- रवि सिंग, एसडीएम अभनपुर

### पनडुब्बीनुमा मशीन से रेत निकालने के पूर्व में भी सामने आ चुके हैं मामले

पनडुब्बीनुमा मशीन से रेत निकालने के मामले पिछले वर्ष भी सामने आ चुके हैं। आरंग क्षेत्र के गौरभाट, अभनपुर के ग्राम सेमरा सहित अन्य कुछ स्थानों पर में पनडुब्बीनुमा मशीन लगाकर नदी से रेत निकाली जा रही थी। इसकी शिकायत मिलने पर विभाग ने इन स्थानों पर कार्रवाई कर पीवीसी पाइप एवं मशीन के साथ नाव भी जब्त की थी।

### नियमित निरीक्षण नहीं साठगांठ की भी आशंका


जिले में नदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन पर न ही विभाग लगाम लगा पा रहा है और न ही प्रशासन। कभी दिन में तो कभी रात के समय खदानों सहित कई नदी के किनारे पर माफिया के लोग रेत का उत्खनन एवं चोरी कर रहे हैं। वैसे तो इसके लिए जितना विभाग जिम्मेदार हैं, उतना ही क्षेत्र के राजस्व अधिकारी भी है। विभाग की टीम नियमित रूप से रेत खदानों एवं नदी किनारों का निरीक्षण नहीं करती, जिससे रेत की चोरी भी थम नहीं रही है। इधर दूसरी ओर यह भी आशंका जताई जा रही है कि बिना साठगांठ के नदी से रेत की चोरी करना संभव नहीं है।

### पनडुब्बीनुमा मशीन फिट कर उससे रेत निकालने में लग जाते हैं कई दिन

किसी भी नदी से पन्नडुब्बीनुमा मशीन को लगाना एवं रेत को बाहर निकालना आसान नहीं होता। इसके लिए पीवीसी पाइप लाइन बिछाने से लेकर मशीन फिट करना पड़ता है। इसके बाद रेत इसी पाइप लाइन से पानी के साथ बाहर खींचकर डंप की जाती है। इसके बाद डंप रेत को गाड़ी में लोडिंग कराकर परिवहन कराया जाता है। इस प्रक्रिया में कई दिन लग जाते हैं। इसके बाद भी विभाग और प्रशासनिक अफसरों को इसकी भनक तक नहीं लग पाती। सूत्र के अनुसार पारागांव में पनडुब्बीनुमा मशीन लगे एक सप्ताह से अधिक दिन हो चुके हैं।

# नियमित होगी रायपुर-भोपाल की उड़ान, अभी सप्ताह में तीन दिन होती है संचालित

- यात्रियों की संख्या पर्याप्त होने से विमानन कंपनी बढ़ाएगी फेरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट अब नियमित होगी। फ्लाइट अभी सप्ताह में तीन दिन दोनों राजधानी को आपस में जोड़ती है। दोनों शहरों बीच पर्याप्त संख्या में यात्रियों की देखते हुए सर्वाधिक डोमेस्टिक फ्लाइट का संचालन करने वाली कंपनी 20 सितंबर से इसे सातों दिन चलाएगी। इसके अलावा विमानन कंपनी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर आने वाले दिनों में कुछ नए सेक्टर के लिए फ्लाइट शुरू की जा सकती है।

वर्तमान में रायपुर-भोपाल के बीच मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को सुबह के शेड्यूल में एकमात्र सीधी उड़ान का संचालन होता है। इस फ्लाइट में यात्रियों की संख्या अधिक होती है, जिसे देखते हुए विमानन कंपनी द्वारा 20 सितंबर से इस फ्लाइट की आवाजाही नियमित रूप से यानी सप्ताह के सातों दिन करने की तैयारी की जा रही है। उड़ान नियमित होने से यात्रियों को अपना सफर पूरा करने के लिए चार दिन इंतजार नहीं करना होगा। इसके अलावा आने वाले दिनों में कुछ नये शहरों के लिए भी फ्लाइट शुरू करने की संभावना बढ़ गई है। ट्रैवल्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष रमन जादवानी ने बताया कि त्योहार में यात्रियों की संख्या बढ़ने का हवाला देते हुए उत्तर भारत सहित अन्य शहरों के लिए विमान शुरू करने का प्रस्ताव विमानन कंपनियों को भेजा गया है। इनमें राजस्थान, गुजरात के साथ उत्तर भारत के लिए सीधी विमान सेवा शुरू करने की जरूरत बताई गई है।

# छात्रों की कमी, फिर बढ़ाई गई प्रवेश तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है।

- इग्नू अब 15 सितंबर तक देगा विद्यार्थियों को दाखिले

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार अब छात्र 15 सितंबर तक नामांकन और पुनः पंजीकरण करा सकेंगे। नवीन प्रवेश की बढ़ी हुई तिथि विश्वविद्यालय के सभी अधिसूचित कार्यक्रमों के लिए लागू होगी। इसमें ओपन डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और आनलाइन मोड के तहत संचालित पाठ्यक्रम शामिल हैं।हालांकि, यह छूट प्रमाणपत्र कार्यक्रमों पर लागू नहीं होगी। वहीं पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया में छात्रों को निर्धारित शुल्क के साथ 200 रुपए अतिरिक्त विलंब शुल्क भी जमा करना होगा। नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह आनलाइन है, जिससे छात्र घर बैठे ही आवेदन कर सकते हैं।

इग्नू में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन की सुविधा दी जाती है। तिथि विस्तार से अब छात्रों को प्रवेश और पुनः पंजीकरण में बड़ी राहत मिली है।

### वापस नहीं होगी रजिस्ट्रेशन फीस

सभी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रुपए निर्धारित किया गया है। यदि कोई छात्र एडमिशन कन्फर्म होने के बाद कैंसिलेशन की मांग करता है, तो फीस से रजिस्ट्रेशन शुल्क काटकर बाकी राशि वापस की जाएगी। जिन छात्रों ने स्टडी मटीरियल की सॉफ्ट कॉपी चुनी है, उनकी फीस से केवल रजिस्ट्रेशन शुल्क काटकर बाकी राशि रिफंड होगी। फीस माफी का लाभ उठाने वाले उम्मीदवारों के मामले में केवल डेवलपमेंट फीस वापस की जाएगी। एडमिशन की अंतिम तिथि से 60 दिन बाद किसी भी प्रकार का रिफंड नहीं मिलेगा।

# चौबे कालोनी, विजय नगर, राजीव गांधी नगर में अवैध निर्माण तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के तीन अलग-अलग स्थानों पर नगर निवेश विभाग की टीम ने बिना अनुमति अवैध निर्माण को तोड़ गिराया। चौबे कालोनी मार्ग में बिना अनुमति अवैध निर्माण हटाया गया। वहीं महर्षि वाल्मिकी वार्ड के विजय नगर इलाके में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाये गए कबाड़ी दुकान को बंद कराया गया। इधर राजीव गांधी नगर में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को तोड़कर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 7 की टीम ने चौबे कालोनी शाला मार्ग में बिना अनुमति के किए गए निर्माण को हटाने तत्परता दिखााई। जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे की टीम ने स्वामी आत्मानंद वार्ड के चौबे कालोनी शाला में अवैध निर्माण हटाया। नगर निगम जोन 9 अमले ने महर्षि वाल्मिकी वार्ड के विजयनगर क्षेत्र में सरकारी जमीन पर राजू कबाड़ी द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई कबाड़ी दुकान को हटाकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। राजीव गांधी नगर में ग्रेसी बादलकर द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को तोड़कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# मोतीबाग पानी टंकी का वाल्व स्लिप, मोटर में भी दिक्कत, दो टाइम नहीं मिला पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 4 के मोतीबाग चौक की सबसे बड़ी पानी टंकी का रविवार की शाम वाल्व स्लिप हो गया। पुराने मोटर पंप में भी खराबी आ गई, इससे

बैजनाथपारा, सदरबाजार, सत्ती बाजार, हलवाई लाइन और ब्राम्हणपारा के आधे क्षेत्र में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। सोमवार की सुबह के समय भी लोगों के घरों में पेयजल आपूर्ति नहीं होने से जनता परेशान रही। भुक्तभोगियों ने जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा सहित जोन कमिश्नर को परेशानी बताई। इसके बाद जल विभाग के अधिकारी हरकत में आए। सूत्रों के मुताबिक मोतीबाग पानी टंकी वाले 3 मोटर पंप काफी पुराने और कम क्षमता वाले हैं, जिसे अब तक अपग्रेड नहीं किया गया। इसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं।

- बैजनाथपारा, सदरबाजार, सत्ती बाजार, हलवाई लाइन, ब्राम्हणपारा के आधा हिस्सा में दिक्कत

दरअसल, मोतीबाग पानी टंकी से कनेक्ट 3 मोटर पंप में से एक मोटर पंप पिछले दिनों जल गया। केवल 2 पुराने पंप के भरोसे पानी की आपूर्ति हो रही है। डेढ़ दशक पुराने मोटर पंप 75 किलोवाट क्षमता के होने के कारण पर्याप्त क्षमता से काम नहीं कर रहे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में मोतीबाग पानी टंकी को कमांड सेंटर मानकर इससे जुड़े 7 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना है। इसे देखते हुए स्मार्ट सिटी से अनुबंधित कंसलटेंट ने मोतीबाग के 3 पुराने मोटर पंप को बदलकर 115 किलोवाट क्षमता के नए पंप लगाने की अनुशंसा पूर्व में की है। पर नए मोटर पंप की खरीदी अभी प्रक्रियाधीन है। ऐसे में मोतीबाग पानी टंकी को भरने में पुराने मोटर पंप हांफने लगे हैं। जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि मोतीबाग की पानी टंकी का वाल्म स्लिप होने से रविवार की शाम लोग पानी के लिए परेशान रहे। सोमवार की सुबह भी जल आपूर्ति ठप रही। बड़ी मशक्कत के बाद जल विभाग के अधिकारी पानी टंकी के वाल्व में आई खराबी दूर कर पाए। तब जाकर शाम के समय जल आपूर्ति सामान्य हुई। लेकिन पुराने मोटर को रिप्लेस करने की बेहद जरूरत है। क्योंकि मोतीबाग पानी टंकी के दो पुराने मोटर लोड नही ले पा रहे, तीसरा मोटर जल गया है जिसे अब तक नहीं बनवाया गया। यही हाल रहा तो आगे भी इस तरह की समस्या आ सकती है। हमने महापौर मीनल चौबे को इससे अवगत करा दिया है।



# हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों को काम पर लौटने 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के हड़ताली कर्मचारियों पर सख्ती बरतनी शुरू हो गई है। अब प्रदेश के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को 24 घंटे के अंदर काम पर लौटने का अल्टीमेटम दिया गया है। नोटिस में साफ तौर पर कहा गया है कि यदि निर्धारित समय पर काम पर नही लौटे, तो सेवा मुक्त कर दिया जाएगा। इधर एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है लंबित मांग जब तक पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

- 10 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कर रहे हड़ताल

दरअसल, प्रदेशभर के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नियमितीकरण सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। आयुक्त सह मिशन संचालक एनएचएम छत्तीसगढ़ ने संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य कर्मचारियों को नोटिस जारी करते हुए कहा है, अनाधिकृत अनुपस्थित एवं हड़ताल से कार्य स्थल पर उपस्थिति के लिए पहले ही सभी जिला चिकित्सा अधिकारी नोटिस जारी कर चुके हैं। कार्यकारिणी समिति की बैठक में सक्षत स्तर पर निर्णय लिया जा चुका है। इसके लिए आदेश भी जारी हो चुका है। बावजूद लोकहित के विरूद्ध हड़ताल जारी है। अंतिम पत्र जारी करने के बाद भी कार्यस्थल पर लौटे नहीं, तो सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।




## पेज 9 के शेष

### बिना हेलमेट पेट्रोल...

रहे हैं। फ्लैक्स के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने प्रेरित किया जाएगा। ऐसे दोपहिया वाहन चालक जो बगैर हेलमेट के पेट्रोल लेने आएंगे। उन्हें आने वाले दिनों में पेट्रोल नहीं देने का निर्णय लिया है। अभियान की जानकारी नहीं होने पर ज्यादातर दोहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट के अपने दोपहिया में पेट्रोल डलवाने गए थे। पेट्रोल पंप कर्मी उन्हें आसानी से पेट्रोल देते देखे गए। इसके अलावा शहर के किसी भी पेट्रोल पंप के कर्मियों द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को आने वाले दिनों में बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने जैसी कोई बात नहीं कही। ज्यादातर पेट्रोल पंप में जनजागरूकता संबंधित फ्लैक्स नहीं देखे गए।

### गणेशोत्सव की धूम, इधर...

तीन पाली में विसर्जन स्थल पर मूर्ति विसर्जन कराने 90 गोताखोर मौजूद रहेंगे। इसके लिए जोन स्तर पर टेंडर किया गया है। साथ ही बड़ी मूतियों के सुरक्षित और सम्मानपूर्वक विसर्जन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 8 क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। इनमें 5 क्रेन मूर्तियों के विसर्जन के लिए उपलब्ध रहेंगे, जबकि 1 क्रेन मशीन को कुंड से ढांचा निकालने के लिए रखा जाएगा, जबकि 3 क्रेन को जरूरत पड़ने पर उपयोग में लाने के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। 8 क्रेन की व्यवस्था करने जोन 8 कमिश्नरी ने टेंडर किया है।

### पश्चिमी विक्षोभ के...

कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक जुलाई में औसत कोटा से ज्यादा बरसने वाले बादल अगस्त में कंजूसी कर गए।

### खिड़की तोड़कर बैंक में...

जताई जा रही है। चोरी में असफल होने पर बदमाश बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर अपने साथ ले गए। बैंक के सीनियर मैनेजर प्रीतिस प्रियर्शी पंडा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रीतिस ने पुलिस को बताया है कि शनिवार शाम साढ़े छह बजे बैंक बंद कर अपने घर चले गए। रविवार अवकाश होने की वजह से कोई बैंक नहीं गया। सोमवार को बैंक के सफाई कर्मी काम करने पहुंचे, तो देखा बैंक के पीछे के तरफ की खिड़की टूटी हुई है और बैंक का सामान बिखरा पड़ा है। सफाई कर्मियों ने इसकी सूचना बैंक प्रबंधन को दी।

**इसलिए रविवार को चोरीः** घटना स्थल पर पुलिस को 15 किलो तथा 5 किलो का रसोई गैस सिलेंडर के साथ एक बड़ा गैस कटर मिला है। चोरी करने का साजो सामान ले जाने चोरों ने चारपहिया वाहन का इस्तेमाल किया है। पुलिस को आशंका है कि बैंक में जिस दिन चोरी करने गए होंगे, गैस कटर तथा रसोई गैस एक दिन पहले मौके पर पहुंचा कर छिपाए होंगे। दूसरे दिन रविवार अवकाश था। इस वजह से बदमाशों ने चोरी करने रविवार का दिन चुना।

**सीसीटीवी की पड़तालः** बैंक में चोरी की कोशिश रविवार को की गई या शनिवार को यह अब तक स्पष्ट नहीं है। बदमाशों की पतासाजी करने पुलिस तथा क्राइम की टीम जोरा से महासमुंद मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका मार्ग और नवा रायपुर मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

### एक करोड़ के ड्रग...

के मामले में भी पुलिस ने पंजाब से एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। नव्या मलिक के मददगार आयान परवेज के साथ लवजीत को पाकिस्तान के रास्ते पंजाब लाकर चिट्टा देने के आरोप में चरणजीत सिंह उर्फ चांद, गुरजीत सिंह उर्फ गुरुजी के साथ कबीर नगर अफीम तस्करी करने के मामले में जशनदीप सिंह उर्फ लव को गिरफ्तार किया है। ड्रग तस्करों को दबोचने पुलिस की दो से तीन टीम पंजाब में लगातार कैंप कर रही हैं। पूर्व में पकड़े गए ड्रग तस्करों की निशानदेही पर पुलिस आरोपियों की लगातार गिरफ्तारी कर रही है।

### नशे का काला...

विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर के अनुसार कोर्ट ने नियाजुद्दीन, जे. भास्कर राव, आकाश विश्वकर्मा, विरल पटेल को 10-10 वर्ष कैद के साथ एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। रविंद्र कुमार गोयल, मुकेश कुमार साहू, मोहम्मद हसन तथा साहिल हसन को 15-15 वर्ष कैद तथा डेढ़-डढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने आठों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की थी।

# ज्ञान की पुस्तकें दान करने आगे आ रहे लोग, जरूरतमंदों को मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन, स्मृति पुस्तकालय योजना का संचालन कर रहा है। इसके तहत लोग प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित ज्ञान की पुस्तकें दान कर रहे हैं। इस कड़ी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा शगुफ्ता खान ने भी जिला प्रशासन को मेडिकल, कानून, संविधान सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें दान की। मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत ने यह पुस्तकें ग्रहण की तथा छात्रा को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी, कलेक्टर डा. गौरव सिंह, एसएसपी डा. लाल उम्मेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ढाई हजार से अधिक पुस्तकें दान की गईं

*अफसरों के अनुसार जिले में 15 जुलाई से प्रारंभ हुई इस योजना के तहत दानदाता ढाई हजार से अधिक पुस्तकें दान कर चुके हैं। ये पुस्तकें जरूरतमंदों के भविष्य निर्माण में लाभकारी साबित होंगी। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे आगे आकर पुस्तकें और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करें और ज्ञान के इस अभियान में सहभागी बनें। दान करने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रभात सक्सेना, रोजगार अधिकारी केदार पटेल से मोबाइल नंबर 9406049000 पर संपर्क किया जा सकता है।*



### इस अभियान से सभी को जुड़ना चाहिए

*छात्रा शगुफ्ता खान ने इस दौरान कहा कि मुझे समाचार पत्र में प्रकाशित स्मृति पुस्तकालय के समाचार से इस योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद उसे भी पुस्तकें दान करने की इच्छा हुई। उन्होंने बताया कि मेरी दान की गई पुस्तकों को पढ़कर बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की इस योजना से सभी लोगों को जुड़ना चाहिए।*

## खबर संक्षेप



### पार्षदों ने मांगी अपने निधि की जानकारी, अफसरों ने कहा- जोन कमिश्नरों को दे दी

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे सोमवार को महात्मा गांधी सदन में नगर निगम के वित्त विभाग सलाहकार समिति की बैठक में शामिल हुईं। उन्होंने वित्त विभाग के अधिकारियों से विभिन्न मदों और योजनाओं की राशि के संबंध में जानकारी समिति के सदस्यों और सभी पार्षदों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्य और पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे, देवदत्त द्विवेदी, मोहन कुमार साहू, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, पार्षद पुष्पा साहू, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद अजय साहू, जोन 10 अध्यक्ष सचिन मेघानी, पार्षद जयश्री नायक आदि उपस्थित रहे।

### न्यूनतम सुविधा पर सेवा दे रहे नर्सिंग कर्मचारी फिर भी वेतनवृद्धि नहीं



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल के नर्सिंग कर्मचारियों को दैनिक वेतन वृद्धि दिलाने एनएसयूआई ने सोमवार को मोर्चा खोला। एनएसयूआई ने मांग करते हुए कहा है कि आंबेडकर अस्पताल के नर्सिंग कर्मचारियों को भी दैनिक वेतन वृद्धि का लाभ मिलना चाहिए। अन्य शासकीय अस्पतालों की तरह समान अधिकार देने की मांग करते हुए छात्रों ने अधिष्ठाता से मुलाकात की। यह मुद्दा केवल वेतन वृद्धि का नहीं बल्कि सम्मान और समानता का है। जब एक ही राज्य के अलग-अलग शासकीय अस्पतालों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच इस तरह का भेदभाव किया जाएगा तो इससे न केवल नर्सिंग स्टाफ का मनोबल गिरेगा, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा।

## काउंसिलिंग के बाद पदोन्नत हुए 1222 प्राचार्य, 20 नदारद 20 का पदोन्नति से इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- व्याख्याता व प्रधान पाठक प्राचार्य पद पर हुए पदोन्नत
- शेष 113 में से 20 पदोन्नत प्राचार्य काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे

व्याख्याता एवं प्रधान पाठक को प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पदोन्नति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक उपरांत 1335 पदोन्नति आदेश जारी किए गए। 1335 पदोन्नत प्राचार्यों में से 1222 ने संस्था चयन कर पदस्थापना दी। शेष 113 में से 20 पदोन्नत प्राचार्य काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे। वहीं 20 ने पदोन्नति लेने से इंकार किया तो 2 ने विद्यालय चयन से इंकार कर दिया। शेष 91 सेवानिवृत्त, मृत, निलंबित एवं अन्य श्रेणी में रहे। इस प्रकार 1222 व्याख्याताओं एवं प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति उपरांत पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं।

### पहली बार हुई काउंसिलिंग

गौरतलब है कि प्रदेश में पहली बार प्राचार्यों को पदोन्नति व पदास्थापना प्रदान करने काउंसिलिंग की गई। अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में निर्धारित शेड्युल के अनुसार प्राचार्यों को आमंत्रित किया गया था। किसी भी तरह की विवाद की स्थिति निर्मित ना हो, इसलिए इस बार काउंसिलिंग पद्धति अपनाई गई थी।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि इस पद स्थापना में पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया गया। पात्र कर्मचारियों ने काउंसलिंग स्थल पर अपने स्थान का स्वयं चयन किया एवं चयन उपरांत उक्त स्थान पर अपनी पद स्थापना की सहमति प्रदान की।

### प्रदेशभर से जुटीं महिलाएं, प्रात: 11 से शाम 5 बजे तक आंदोलन

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का हल्लाबोल, किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने शासकीय कर्मचारी घोषित करने सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर तूता स्थित धरना स्थल पर जमकर हल्ला बोला। उन्होंने मध्यप्रदेश की तर्ज पर मानदेय में प्रति वर्ष 10 फीसदी वृद्धि की मांग, पर्यवेक्षक भर्ती निकालने और आयु सीमा बंधन को हटाते हुए 50 फीसदी में पदोन्नति दिए जाने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ के आव्हान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सुबह से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल में प्रदर्शन करने पहुंचीं। इस दौरान अपनी लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन भी किया।

### छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिक संघ के बैनर तले आंदोलन



### बारिश में भी डटे रहे

बारिश के बाद भी प्रदर्शनकारियों का उत्साह कम नहीं हुआ। वे प्रात:11 से शाम 5 बजे तक धरना स्थल पर डटी रहीं। मांग पर विचार नहीं होने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने की चेतावनी दी है। अपनी मांगों के संबंध में उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

### प्रमुख मांगों पर एक नजर

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिकाओं को तत्काल शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए।
- मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रतिवर्ष 10 फीसदी मानदेय में बढ़ोतरी की जाए।
- सहायिकाओं को शत-प्रतिशत पदोन्नत कर उम्र का बंधन हटाया जाए, पर्यवेक्षक भर्ती तत्काल निकाली जाए और आयु सीमा बंधन को हटाते हुए
- 50 फीसदी में पदोन्नति देने की मांग।
- वर्तमान में सहायिकाओं का 8 हजार रुपये मानदेय किया जाए।
- पोषण ट्रेकर एप में आने वाली समस्या को दूर किया जाए।
- सुपोषण चौपाल की राशि एवं मातृ वंदना की राशि प्रत्येक माह दी जाए।

## रिटेनिंग वॉल निर्माण की गति धीमी होने पर जताई नाराजगी चबूतरे की लंबाई कम करने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- लोककर्म विभाग अध्यक्ष ने करबला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

नगर निगम के लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने विगम 1 माह से चल रहे करबला तालाब के रिटेनिग वॉल निर्माण की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर पूरा कराने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही चबूतरे की लंबाई को तोड़कर कम करने और बाउंड्रीवाल में इंटों की गुणवत्ता और बाउंड्रीवाल में एक कालम में गुणवत्ता सुधार करवाने जोन के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए।

दरअसल, नगर निगम जोन 7 के स्वामी आत्मानंद वार्ड के अंतर्गत करबला तालाब में 1 करोड़ 44 लाख की लागत से तालाब सौंदर्यीकरण और रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण सोमवार को लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने और कार्य की गति पाये जाने पर लोक कर्म विभाग अध्यक्ष नाराज हुए। उन्होंने काम में तेजी लाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। प्रत्यक्ष निरीक्षण के दौरान जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, स्वामी आत्मानंद वार्ड पार्षद आनंद अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर, जोन 7 कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

## डॉ. देवी ज्योति दास को मिला 'एफसीसीआई फैलोशिप' अवार्ड

- छत्तीसगढ़ की पहली डॉक्टर बनीं, जिन्हें चेस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने किया सम्मानित

**रायपुर।** श्वास रोग विशेषज्ञों के राष्ट्रीय संगठन चेस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (सीसीआई) की वार्षिक राष्ट्रीय सभा सीसीआई-सीओएन-2025 का आयोजन कोलकाता में भव्य रूप से किया गया। सम्मेलन में देशभर के अग्रणी श्वास रोग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और श्वसन चिकित्सा क्षेत्र में हुए नवीनतम अनुसंधानों और उपचार पद्धतियों पर विचार-विमर्श किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के निवेद चेस्ट एंड आई केयर की प्रमुख एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. देवी ज्योति दास को एफसीसीआई फैलोशिप से सम्मानित किया गया। यह फैलोशिप उन्हें श्वसन रोगों के इलाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान की गई। डॉ. देवी ज्योति दास इस सम्मान को प्राप्त करने वाली छत्तीसगढ़ की पहली डॉक्टर बन गई हैं, जिससे राज्य में चिकित्सा क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की पहचान है, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।




## बजरंगदल कार्यकर्ताओं के हत्यारों को दोहरी उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नेतागिरी करने की बात कहते हुए बदमाशों ने ईंट, बत्ता, लकड़ी से पीट-पीटकर की थी हत्या
- डीडीनगर थाना क्षेत्र में 30 दिसंबर 2024 की घटना

डीडीनगर थाना क्षेत्र में दो बजरंगदल कार्यकर्ताओं की हत्या के आरोप में कोर्ट ने चार आरोपियों को दोहरी उम्र कैद के साथ जुर्माना की सजा सुनाई है। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है, उनमें पिता-पुत्र भी शामिल हैं। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा की कोर्ट में हुई है। हत्या की वारदात पिछले वर्ष 30 दिसंबर 2024 को चंगोराभाठा शिव मंदिर के पास हुई थी। लोक अभियोजक पूजो मोहिते के अनुसार कोर्ट ने दुर्गेश साहू उसके भाई एवन कुमार साहू पिता खाम सिंह साहू तथा डालेंद्र साहू को कृष्णा यादव, सचिन धनराज बडोले की हत्या के आरोप में कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार कृष्णा तथा सचिन मंदिर के पास बैठे थे। इस दौरान एवन, दुर्गेश, डालेंद्र मौके पर पहुंचे और दोनों को तुम लोग बजरंग दल का कार्यकर्ता बनते हो, दादा बनते हो और हमें उपदेश देते हो कहते हुए विवाद कर मारपीट करते हैं। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर विवाद होता है। इस दौरान मौके पर खाम सिंह पहुंच जाता है। मौके पर उपस्थित चारों सचिन तथा कृष्णा के साथ मारपीट कर उन पर ईंट, बत्ता तथा लकड़ी से वार कर देते हैं। हमले में एक की मौके पर मौत हो जाती है। एक अन्य की दूसरे दिन अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो जाती है।

### अवैध रेत, मुरुम व गिट्टी से भरी 13 हाईवा जब्त

**रायपुर।** खनिज विभाग की टीम ने मंदिर हसौद क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र एवं माना में अवैध रूप से रेत, मुरुम एवं गिट्टी परिवहन कर ले जाते 13 गाड़ियों को जब्ती बनाया है। इनमें रेत से भरी 8 हाईवा, मुरुम की 2 एवं गिट्टी से भरी 3 हाईवा है। इन सभी गाड़ी मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ जुर्माना लगाया है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारी महासंघ ने पॉवर कंपनी में प्रदर्शन कर सौंपा मांग पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नव गठित छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारी महासंघ ने सेवानिवृत्तों की समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के मुख्यालय के सामने सांकेतिक प्रदर्शन कर सभा की। जगजीत वालिया के संचालन में पूर्व अभियंता पीएन सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण देवांगन, प्रदेश महामंत्री पुनारद राम साहू और संजय चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, कंपनी प्रशासन की गलत नीतियों के कारण सेवानिवृत्तों को न तो दवाई मिल पा रही है और न सामान्य खून पेशाब जांच हो पा रही है। कर्मचारी नेताओं ने कहा इस, ओर पूर्व में ही पत्र के द्वारा प्रबंधन के संज्ञान में लाए जाने के बावजूद उचित कदम नहीं उठाए जाने से बाध्य होकर सेवानिवृत्त महासंघ प्रदर्शन को मजबूर हुआ। नेताओं ने हॉस्पिटल को सुव्यवस्थित करने, पेंशन रिस्टोरेशन अवधि 12 वर्ष करने, 15 वर्ष पूर्ण होने पर बगैर औपचारिकता के पूर्ण पेंशन देने, न्यायालय के आदेशानुसार पदोन्नति नीति स्पष्ट करने के कारण पदोन्नति का लाभ सेवानिवृत्तों को भी प्रदान करने, पेंशन पीएफ ट्रस्ट में कर्मचारी सेवानिवृत्त प्रतिनिधि नियुक्त करने, नवा रायपुर में भव्य भवन निर्माण पर पुनर्विचार करने, सेवानिवृत्त होने की तिथि में सभी कर्मचारियों को सभी लाभ प्रदान करने, सक्षम अनुभवी सेवानिवृत्त कर्मियों को संविदा नियुक्ति प्रदान करने, कोरबा की रिक्त भूमि के हस्तांतरण पर रोक लगाते हुए सोलर प्लांट बनाने व रिक्त आवास गृहों को जरूरतमंद सेवानिवृत्तों को आबंटित करने जैसी मांगों के साथ 11 सूत्रीय मांग पत्र पॉवर कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह व रोहित यादव के नाम ज्ञापन महाप्रबंधक मानव संसाधन को सौंपा।

## कृष्णा पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन



**रायपुर।** कृष्णा पब्लिक स्कूल तेंदुआ में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यशील मॉडल्स और वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत किए, जिनमें टेस्ला कॉइल, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, फायर सिक्योरिटी सिस्टम तथा इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन जैसे अत्याधुनिक और नवाचारी मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावकों, शिक्षकों तथा आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति रही। सभी ने बच्चों की मेहनत, जिज्ञासा और नवाचार क्षमता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान की प्रवृत्ति और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने का कार्य किया।

### आनंदम वर्ल्ड सिटी में गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन



रायपुर। कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भव्य और सांस्कृतिक रंगों से सजा ग्रेट गणेश फेस्टिवल पूरे उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक समर्पण के साथ मनाया जा रहा है। श्री गणेश उत्सव समिति के कैलाश अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष सोसायटी में भगवान गणेश की अत्यंत आकर्षक प्रतिमा की स्थापना की गई है। प्रतिदिन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ वातावरण में भक्ति और आस्था का संचार हो रहा है। इसके पश्चात भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य और संगीत जैसे कार्यक्रमों से पूरा परिसर भक्तिरस में डूबा हुआ है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी निवासी उत्सव में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। हर शाम आरती के बाद फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, हाउसी, आनंद मेला, डांस कंपटीशन और अन्य मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिससे त्योहार की रौनक और भी बढ़ गई है। आनंदम वर्ल्ड सिटी के आयुष मोदी ने बताया कि यह आयोजन न केवल श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बनकर उभरा है, बल्कि सामुदायिक सौहार्द, एकजुटता और सांस्कृतिक समावेशिता का संदेश भी समाज को दे रहा है।

## शहर में गणेश प्रतिमाओं के स्वरूप पर विवाद सर्व हिंदू समाज ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




- कहा- धार्मिक भावनाएं हो रहीं आहत, तत्काल कराएं विसर्जन
- पारंपरिक प्रतिमाओं को विकृत करने का लगाया आरोप

राजधानी में गणेशोत्सव के बीच गणपति प्रतिमा के स्वरूप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को रायपुर एसएसपी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शहर के जिन पंडालों में भगवान गणपति की पारंपरिक प्रतिमा को विकृत रूप में स्थापित किया गया है, उन पर तुरंत रोक लगाई जाए।

सर्व हिंदू समाज ने कहा है, कार्टून और एआई का इस्तेमाल परंपराओं का मजाक है। ऐसी मूर्तियों को तुरंत विसर्जन किया जाए। संगठन की ओर से विश्वदिनी पांडे ने कहा कि पूरे देश में गणपति बप्पा की स्थापना धूमधाम से की जा रही है। रायपुर में भी बड़े- बड़े पंडालों में भगवान गणपति की पूजा हो रही है, लेकिन कुछ पंडालों में गणपति के पारंपरिक स्वरूप को बदलकर उन्हें कार्टून या क्यूट स्टाइल में प्रस्तुत किया गया है। इससे समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं और बच्चों व युवाओं के बीच भगवान गणेश को लेकर मजाक का माहौल बन रहा है। यह अनुचित और अस्वीकार्य है। सर्व हिंदू समाज ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने ऐसे आयोजन पर रोक नहीं लगाई और विकृत प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं कराया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व हिंदू समाज की ओर से नीलकंठ महराज, विश्वदिनी पांडे, रवि वाधवानी, विक्रम केवलानी, नीलम सिंह, योगेश सैनी, ओमेश बिसेन, भारती राठौर, विजय चौबे, विक्की रात्रे, खेमा हियाल, विवेक तनवानी सहित सनातनी बंधु शामिल रहे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
13 नवंबर, 18 दिसंबर 2025, 15 जनवरी, 12 फरवरी 2026
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



बाइक चालकों और मिलिट्री मैन की ....


## शहर में विराजे गणपति



समता कॉलोनी गणेश उत्सव समिति



श्री शक्ति माता गणेश उत्सव समिति, भैया तालाब, प्रोफेसर कॉलोनी



श्री हिन्दू परिवार गणेश उत्सव समिति, सत्यम विहार कॉलोनी



श्री बजरंग क्रांति नवयुवक गणेश उत्सव समिति, क्रांति चौक सुदामा नगर, टिकरापारा



युवा हिंदू परिवार, प्रोफेसर कॉलोनी



श्री बजरंग युवा गणेशोत्सव समिति, साहू मोहल्ला, टिकरापारा

### राजधानीवासियों में सेहत के प्रति बढ़ती जागरूकता से विकसित हो रहा नारियल का व्यवसाय

# शरीर की कमजोरी दूर कर रहा नारियल पानी, कोविड के बाद डबल हुई खपत, अब हर दिन 8 टन की खपत

'शहर में सेहत के प्रति लोगों में बढ़ती सजगता के चलते कुछ वर्षों से राजधानी की सड़कों के किनारे नारियल पानी की दुकानें सजने लगी हैं। आते-जाते लोग दो मिनट रुकने के बाद स्वाद के साथ सेहत बनाने पर फोकस करने लगे हैं। इससे पॉश कॉलोनियों और प्रमुख मार्गों सहित बाजारों और उद्यानों के आसपास सजने वाले इस व्यावसाय से सैकड़ों युवा जुड़े हैं। कई युवा परिवार को सहयोग देने के लिए पार्ट टाइम दुकान सजाते हैं। सुबह और शाम को घूमने निकलने वाले लोग ही नहीं, वीकनेस होने पर डाक्टर्स की सलाह से नारियल पानी के सेवन का चलन बढ़ा है। इससे नारियल पानी से जुड़ा छोटा व्यवसाय भी बड़ा बाजार बन चुका है। प्रदेश में रोज 30 टन, वहीं सिर्फ रायपुर में ही 8 टन से ज्यादा प्रतिदिन नारियल पानी की खपत है।'



**रायपुर।** गरीबी कम करने में नारियल की फसल के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने हर साल 2 सितंबर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। यह दिन एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय के स्थापना दिवस का प्रतीक है। शहर में नारियल की जरूरत और तेजी से बढ़ते बाजार के साथ ही एक्सपर्ट से भी इसके बारे में जाना। राजधानी की थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि कोविड के समय शरीर में कमजोरी को जल्दी रिकवर करने के लिए डाक्टर नारियल पानी और शुद्ध कच्चा पनीर खाने की सलाह देते थे। पहले जहां 10 से 15 टन रोज नारियल पानी की खपत प्रदेश में होती थी। वहीं अब प्रतिदिन 25 से 30 टन सिर्फ नारियल पानी प्रमुख दस थोक व्यापारियों से प्रदेश के सभी क्षेत्र में जाता है। रायपुर में ही तीन सौ से ज्यादा युवा नारियल पानी के व्यावसाय से जुड़े हैं।

विश्व नारियल दिवस आज







### अभी बाजार में 40 से 70 रुपए दाम

थोक व्यापारियों ने बताया कि नारियल पानी की जहां रोज 30 टन की खपत प्रदेश में हैं, वहीं सूखे नारियल की कर्नाटक और केरला सहित दक्षिण भारत के कुछ गांवों से भी फसल आती है। सूखे नारियल की खपत धार्मिक उत्सव का दौर चलने से बढ़ गई है। रोज प्रदेश में करीब 10 टन नारियल की खपत है। इसके लिए पहले ही आर्डर करते हैं। कई बार आवागमन बाधित होने से बाजार में इसकी दरों में अचानक तेजी भी आती है। अभी बाजार में लोगों को 40 से 70 रुपए तक अलग-अलग रेंज में नारियल पानी दुकानदार उपलब्ध करा रहे हैं। रायपुर में ही लोग शरीर की कमजोरी दूर करने के लिए 8 टन से ज्यादा नारियल पानी का उपयोग कर रहे हैं।

### सलाह और सजगता से मिलना भी हुआ आसान

आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डॉ. विनय वर्मा ने बताया कि नारियल पानी वीकनेस को तेजी से कंट्रोल करने में कारगर है। लोगों को सजगता के लिहाज से सेवन की सलाह देते हैं। जरूरत के लिहाज से हर क्षेत्र में आसानी से मिलने से लोगों के लिए उपलब्धता पहले अस्पतालों के पास होती थी। अब शहर के किसी भी बाजार में इसे आसानी से लोग खरीद रहे हैं। कई बीमारियों से पीड़ित को कमजोरी होती है। इसे सबसे ज्यादा नारियल पानी और कच्चे पनीर के सेवन से रिकवर किया जा सकता है। लोग सजगता से सेवन भी करने लगे हैं।

### विकास बोर्ड बना, पर बड़े पैमाने पर खेती नहीं

प्रदेश के कोपाबेड़ा, कोंडागांव में छत्तीसगढ़ का एकमात्र नारियल विकास बोर्ड है। बोर्ड ने छत्तीसगढ़ में नारियल के विकास और इसने गुणवत्ता को बढ़ावा देने का काम शुरू किया है, ताकि राज्य में नारियल की खपत बढ़ सके और नारियल से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा मिले। इसके बाद भी प्रदेश में प्रॉपर खेती या फिर छोटे व्यावसाय के रूप में विकसित करने में सफलता नहीं मिली। प्रदेश में नारियल की आपूर्ति सबसे ज्यादा केरल और तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों से होती है। जहां नारियल का उत्पादन बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा किया जाने लगा है। धान के अलावा विविध सब्जियों और मौसमी फलों की खेती करने वाले दिलीप राठौर ने बताया कि हमने भी अभी तक खेत के मेड़ (पार) पर सौ नारियल के पौधे लगाए हैं।

# हैंडमेड सामग्री की बढ़ रही मांग, यूथ हेयरस्टाइल के लिए कर रहीं बोहो ब्रैड्स का उपयोग

**रायपुर।** फेस्टिवल सीजन शुरू हो गया है और मार्केट भी नए व ट्रेंडी साजो-सामान से सजे हुए हैं। आजकल के यूथ के कपड़ों, ज्वेलरी, हेयरस्टाइल में बदलाव आया है। छोटे-छोटे एसेसरीज की मदद से खुद को प्रेजेंटेबल व ग्रोमिंग बनाते हैं, ताकि वे अच्छे दिखें। अभी नवरात्रि में 20 से 25 दिन बाकी हैं, लेकिन कॉलेज व स्कूली छात्राओं पहले से ही शॉपिंग शुरू कर दी है। बालों के लिए बोहो ब्रैड्स, हाथों के लिए कड़ा, गले के लिए हाथों से बनी ज्वेलरी 50 से 500 रुपए तक में खरीदी जा रही है। गोलबाजार स्थित दुकान की संचालक नीता सिंघानिया ने बताया कि वे हर साल कुछ नया लेकर आती हैं, जिसे यूथ पसंद करें और खरीदें। हर साल की तरह इस बार भी हैंडमेड सामान खुद बनाकर बेच रही हैं।





### सोशल मीडिया से सीखा बोहो ब्रैड्स बनाना

सोशल मीडिया में कुछ सालों से एक ट्रेंड बना हैं, रंगबिरंगे धागों से बना बोहो ब्रैड्स का उपयोग और उसी से कई तरह के हेयरस्टाइल बनाना। नीता सिंघानिया ने बताया कि मुझे वहीं से आइडिया मिला और इसे बनाना शुरू किया, जो आजकल के यूथ को पसंद आता है। उन्होंने बताया कि इसका उपयोग चोटी व किसी भी हेयरस्टाइल में किया जा सकता है, जिससे लुक आकर्षक और सुंदर नजर आता है। बोहो ब्रैड्स में धागे के साथ सफेद व रंगबिरंगी कौड़ियों का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे बालों में ग्रोथ व सुंदर दिखता है।

### नवरात्रि के लिए रंगबिरंगे कड़े के साथ मैचिंग ज्वेलरी

हैंडमेड छोटे-छोटे एसेसरीज से हाथों के लिए कड़ा बनाने में 2 से 3 घण्टे का समय लगता है। इसमें ऊन, कलरफुल कपड़े, कौड़ी, स्मॉल साइज के मिरर, धागे का उपयोग किया जाता है। नवरात्रि में इसकी मांग बढ़ जाती हैं। नीता का कहना है कि मार्केट में अभी इसके दाम 200 से लेकर 500 रुपए तक हैं। ज्वेलरी की बात करते हुए बताया कि इस बार का कल्चर देखते हुए नई तरह के डिजाइन आए हैं, जिसमें सुपली की ज्वेलरी, सिक्कों, धागों व रंगबिरंगी कौड़ियों का उपयोग कर उसे तैयार किया गया है। इनकी कीमत 500 से लेकर 700 रुपए के बीच है।

# बच्चों की शिक्षा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करेगी संस्था 'शक्तिबाला'

**रायपुर।** शहर के ब्राह्मणपारा क्षेत्र में शक्ति बाला वेलफेयर फाउंडेशन आने वाले दिनों में बच्चों की शिक्षा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहभागिता निभाएगा। 50 से ज्यादा मेंबर्स के साथ नई सामाजिक संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्ष श्वेता ठाकुर ने सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा की बेहतरी के लिए काम करने के साथ ही कम पढ़ी-लिखी महिलाओं को शिक्षा और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए काम शुरू करने की तैयारी है। संगठन की संस्थापिका ने बताया कि 1 सितंबर 2025 से गरीब बच्चों, बेटियों की शिक्षा के साथ ही आत्मनिर्भर बनाने के लिए आने वाले दिनों में कौशल विकास से जोड़ने के लिए अलग-अलग क्षेत्र में रुचि के अनुरूप काम करने के लिए पारंगत किया जाएगा।



### बढ़ाएंगे मेंबर्स और निभाएंगे दायित्व

उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही टीम भावना से काम करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में मेंबर्स को बढ़ाने के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार को प्राथमिकता देते हुए आने वाले दिनों शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की कमजोर वर्ग की महिलाओं, बच्चों और युवाओं को भी जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। गृहणियों और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई के साथ ही छोटे स्तर पर काम शुरू कर इसे बड़ा स्वरूप देते हुए किस तरह से महिलाएं खुद का व्यावसाय स्थापित कर सकती हैं, प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से इसके बारे में बताएंगे।

### स्टेम बिल्डिंग सेट्स से बच्चे बना रहे कार और एयरप्लेन मॉडल, बढ़ रही बौद्धिक क्षमता

# बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने क्रिएटिव खिलौनों की बढ़ी डिमांड, रिमोट से चलने वाले मॉडल बन रहे पहली पसंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** डिजिटल दौर में बच्चे फोन, लैपटॉप, टैब और टीवी पर अधिकांश समय बिताते हैं, जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक गतिविधियों पर असर पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए माता-पिता अब बच्चों को शारीरिक और मानसिक बुद्धि क्षमता बेहतर बनाने के लिए खिलौने दे रहे हैं। शहर के देवेंद्र नगर, शंकर नगर और मॉल्स में खिलौनों की कई दुकानों में ऐसे खिलौने हैं, जो बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने में मददगार साबित होंगे। दुकान संचालक ने बताया कि ये खिलौने बच्चों का ध्यान डिजिटल स्क्रीन से हटाकर खेल और सीखने की ओर मोड़ते हैं, जिससे उनके मानसिक और शारीरिक विकास में मदद मिलती है।



### क्वालिटी टाइम बढ़ाने जियोमैग, ब्लॉक, क्यूब की मदद

वर्किंग लाइफस्टाइल के चलते बच्चे माता-पिता के साथ ज्यादा समय बिताना चाहते हैं। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए परिजन अब जियोमैग, ब्लॉक, क्यूब जैसे खिलौने देना पसंद कर रहे हैं। शंकर नगर की दुकान संचालक निकिता अग्रवाल ने बताया कि ये खिलौने बच्चों और माता-पिता के बीच खेलने तथा सीखने की गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं, जिससे क्वालिटी टाइम बढ़ता है। साथ ही पारंपरिक खेल जैसे बैडमिंटन, क्रिकेट किट, फुटबॉल, स्केट्स और लकड़ी के खिलौने भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। ये सभी विकल्प बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में मददगार साबित हो रहे हैं।

### ऑनलाइन खिलौने भी मंगा रहे परिजन

इन दिनों ऑनलाइन खरीदारी के जरिए परिजन बच्चों के लिए भी खिलौने मंगा रहे हैं। माता-पिता अब सिर्फ सामान्य खिलौनों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि ऐसे क्रिएटिव और शैक्षिक खिलौने चुन रहे हैं, जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में मददगार हों। इसमें पजल्स और ब्लॉक कंस्ट्रक्शन सेट्स, रिमोट कंट्रोल कार और ड्रोन,क्यूब और मैजिक क्यूब्स, साइंस एक्सपेरिमेंट किट्स, आर्ट और क्राफ्ट किट्स, लॉजिक गेम्स, ब्रेन टीजर, प्लैश टॉयज, एजुकेशनल डॉल्स, स्टोरी बुक्स, इंटरैक्टिव किताबें, बैडमिंटन, क्रिकेट किट, स्केटबोर्ड, रोलर स्केट्स, लकड़ी के पारंपरिक खिलौने और म्यूजिकल टॉयज शामिल हैं, जिसकी खरीदी ऑनलाइन प्लेटफार्म से की जा रही है।

### स्टेम बिल्डिंग सेट्स खिलौना



बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने परिजन बच्चों को क्रिएटिव तोहफा देना पसंद कर रहे हैं। देवेंद्र नगर स्थित दुकान के संचालक अशोक नागवानी ने बताया कि पहले जहां माता-पिता बजट फ्रेंडली खिलौने खरीदना पसंद करते थे, अब वे क्रिएटिव और स्क्रीन टाइम कम करने में उपयोगी खिलौने खरीद रहे हैं। 8-15 साल के बच्चों के लिए 'स्टेम बिल्डिंग सेट्स' दुकान में उपलब्ध है, जो बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने में मददगार है। लकड़ी से तैयार छोटे-छोटे ब्लॉक इसमें होते हैं, जिसे आपस में जोड़कर एरोप्लेन, कार के मॉडल जैसे वर्किंग खिलौने तैयार किए जा सकते हैं। इसे रिमोट की मदद से कंट्रोल किया जा सकता है। यह खिलौना मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बेहतर विकल्प है, जहां बच्चा स्क्रीन टाइम कम समय में ही छोड़ सकता है। इसकी कीमत हजार रुपए से अधिक है।

## शहर में विराजे गणपति


गणेशोत्सव समिति, ब्राह्मण पारा


श्री बाल गणेशोत्सव समिति, नहर पारा


श्री कृष्ण बाल समाज गणेशोत्सव समिति गोवर्धन चौक, ठेठवार पारा


बजरंग गणेशोत्सव समिति, बजरंग नगर


श्री मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति गणपत सिंधी स्कूल


श्री चंद्रशेखर आजाद स्मृति आजाद सोशल एंड स्पोर्ट्स क्लब जोरापारा


यदुवानी गणेशोत्सव समित पुराना राजेंद्र नगर

● इंजीनियरिंग कॉलेज में एंटरप्रेन्योरशिप एवं इनोवेशन महोत्सव

# बाइक चालकों और मिलिट्री मैन की जान बचाएगा बिग बॉक्स लगा स्मार्ट हेलमेट, तुरंत इमरजेंसी कॉल, मैसेज भेजेगा



यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर द्वारा सोमवार को इंजीनियरिंग कॉलेज में एंटरप्रेन्योरशिप एवं इनोवेशन महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें एंटरप्रेन्योरशिप एवं इनोवेशन महोत्सव में इंटरनेशन स्तर के स्टार्टअप मेंटर्स के सामने स्टूडेंट्स व एंटरप्रेन्योर युवाओं ने अपने स्टार्टअप बिजनेस आइडियाज प्रेजेंट किए। इस एंटरप्रेन्योरशिप एवं इनोवेशन महोत्सव में बिलासपुर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के माइनिंग विभाग में बी-टेक सेमेस्टर-5 के स्टूडेंट अथर्व दुबे ने अपने स्टार्टअप आइडिया से तैयार किया बिग बॉक्स स्मार्ट हेलमेट प्रेजेंट किया।

### केले और धान के पौधों से बना रहे सिंथेटिक कपड़े

एंटरप्रेन्योरशिप एवं इनोवेशन महोत्सव में आईआईटी दिल्ली से टेक्सटाइल और फाइबर इंजीनियरिंग में पीएचडी डॉ. करण चंद्राकर ने मेंटर्स के सामने एग्रोवेस्ट से सिंथेटिक फैब्रिक्स बनाने स्टार्टअप एग्रोफैब कंपनी के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वे केले व धान के पौधों के एग्रोवेस्ट से कॉटन के साथ मिक्सड कर सिंथेटिक कपड़े बना रहे हैं। एग्रोबेस टेक्सटाइल्स की प्रोसेसिंग की मैनिफेक्चरिंग यूनिट जिला बेमेतरा के ग्राम झालम में डाली गई है, जहां एग्रोबेस टेक्सटाइल्स की प्रोसेसिंग की जा रही है। केले के पौधे से निकले एग्रोवेस्ट से फैब्रिक्स तैयार की जा रही है। डॉ. चंद्राकर वर्तमान में एग्रोफैब सस्टेनेबल प्राइवेट लिमिटेड का नेतृत्व कर रहे हैं, जहां केले के तनों और अलसी की डंठल जैसे कृषि अपशिष्ट को मूल्यवान, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ टेक्सटाइल उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है। उनके अग्रणी प्रयास छोटे अब तक 8 महीने में 11 लाख की इंकम कंपनी को हुई है। कंपनी का टार्गेट रेवेन्यू 50 लाख रखा गया है।

**रायपुर।** कार्यक्रम में स्टार्टअप मेंटर्स को बताया कि यह बिग बॉक्स स्मार्ट हेलमेट यूजर्स की सही समय पर एक्सीटेंड की स्थिति को डिटेक्ट करने, बफरिंग सेट टाइम, इमरजेंसी नंबर पर कॉल और मैसेज भेजने में सक्षम है। इस स्मार्ट हेलमेट में लगे बिग बॉक्स की जीएसएम माड्यूल पर सिम लगाने की सुविधा है, जिसमें बाइक राइडर या मिलिट्री मैन खतरे की स्थिति को डिटेक्ट होने पर इमरजेंसी कॉल, मैसेज आटोमेटिक डायल करेगा। साथ ही वॉयस मैसेज भी डिलीवर करता है। स्टार्टअप स्टूडेंट अथर्व दुबे ने आगे इसके



मैनिफैक्चरिंग के बारे में बताया कि दिल्ली की एक मैनिफैक्चरिंग कंपनी से बात चल रही है। इसके बाद प्रदेश में बिग बॉक्स स्मार्ट हेलमेट मैनिफैक्चरिंग यूनिट डालने की योजना है। यह बिग बॉक्स स्मार्ट हेलमेट सामान्य बाइक चालकों को जहां बाइक राइड करते हुए बार-बार मोबाइल कॉल डायल करने या मैसेज चेक करने के रिस्क से बचाएगा, वहीं मिलिट्री मैन को युद्ध के दौरान खुफिया ऑपरेशन में खतरे को डिटेक्ट करने, अपनी टीम को सेट बफरिंग टाइम पर आटोमेटिक इमरजेंसी नंबर पर कॉल, मैसेज भेजने व रिसीव करने में सहायक होगा।



### ई-व्हीकल्स के लिए बनाया स्मार्ट डायग्नॉस्टिक्स डिवाइस

स्टार्टअप ग्यानीश भट्ट ने बताया कि वह और उनकी टीम मेंबर नाबेद्य भुयान ने इलेक्ट्रॉनिक्स व्हीकल्स सेक्टर की असली समस्याएं समझीं और काम शुरू किया। सबसे पहले हमने अपना आइडिया ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के इनक्यूबैशन सेल डायरेक्टर डॉ. दीपायन प्रियदर्शी को बताया। उनके मार्गदर्शन और वाइस चांसलर डॉ. आरडी पाटीदार के सहयोग से हमने अपना पहला इनोवेशन विकसित किया। नवयुग आईओटी यह एक मेड इन इंडिया स्मार्ट टेलीमैटिक्स और डायग्नॉस्टिक्स डिवाइस है, जिसे हमने ई-की मोटर्स की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर सफलतापूर्वक टेस्ट किया। इसके बाद ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के इनोवेशन सेंटर में हमारी रिसर्च और गहरी हुई।



### 200 से अधिक छात्र-छात्राओं की रही भागीदारी

200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपनी उद्यमशीलता क्षमता का परिचय दिया। लगभग तीन माह की चयन प्रक्रिया के बाद चुनी गईं 14 स्टार्टअप कंपनियों ने मंच पर अपने विचार और योजनाएं प्रस्तुत कीं। इन स्टार्टअप्स को 10 लाख रुपए से लेकर 2 करोड़ रुपए तक की अनुदान राशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ आई हब में इनक्यूबेशन सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यंग इंडिया हब शार्क टैंक फाइनलिस्ट के विजेता बने स्टार्टअप प्रोग्राम में प्रथम पुरस्कार एग्रोफैब सस्टेनेबल प्रालि, प्रथम रनर-अप अंगिरस, द्वितीय रनर-अप चीकू किड्स रहे।

### ये रहे स्टार्टअप मेंटर्स

स्टार्टअप प्रोग्राम में जजेस के रूप में अंशुल दवे, वीसी मेंटर, मुंबई, प्रदीप चेंथिलकुमार, वीसी मेंटर, तिरुवनंतपुरम, अभिनव खंडेलवाल, वीसी मेंटर, रायपुर, डॉ. संतोष विश्वास, प्रोफेसर, आईआईटी भिलाई, प्रशांत कविश्वर, वैज्ञानिक, सीसीओएसटी रायपुर शामिल हुए। जजेस ने स्टार्टअप के आइडिया को समझकर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिए। इस महोत्सव का नेतृत्व यंग इंडिया के रायपुर चेयर गौरव अग्रवाल तथा को-चेयर पंकज सोनी ने किया।

कमला देवी संगीत महाविद्यालय का आयोजन

# लवली के सितार वादन से गूंजा रंग मंदिर, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**रायपुर।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय द्वारा पं. विष्णु नारायण भातखंडे एवं पं. विष्णु दिगंबर पलुस्कर की स्मृति तथा प्रसिद्ध ठुमरी गायिका विदूषी डॉ. अनीता सेन की जयंती पर संगीत कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को शाम 6 बजे से रंग मंदिर के मंच पर प्रस्तुत किया गया। संगीत कार्यक्रम में कमला देवी संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संगीत, वाद्ययंत्र वादन समेत विविध कला विधाओं का प्रदर्शन किया। संगीत कार्यक्रम में डॉ. एम श्रीराम मूर्ति के निर्देशन में संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नेहेपिया वाद्य वृंद की प्रस्तुति दी गई। संगीत संध्या का आनंद उठाने बड़ी संख्या में कलाप्रेमी जुटे रहे। रंग मंदिर का सभागृह दर्शकों व संगीत कलाप्रेमियों से भरा रहा। ठुमरी, सितार, हारमोनियम, तबला वादन के कलाकारों ने जब सितार के तारों को छेड़ा तो उनके मधुर साज से दर्शकों का मन प्रफुल्लित हो उठा। रंग मंदिर में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति एवं देश की प्रख्यात सितार वादक प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।







### नृत्य नाटिका से किया भावविभोर

संगीत कार्यक्रम में डॉ. आरती सिंह के निर्देशन में कमला देवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य नाटिका ईआरए की प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर किया। संगीत के छात्रों ने नृत्य नाटिका 'ईआरए' की प्रस्तुति ने दर्शकों को अपनी मनमोहक कला और प्रभावी प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे वे भावनात्मक रूप से जुड़ गए और प्रशंसा की। यह नृत्य नाटिका दर्शकों को इतनी पसंद आई कि उन्होंने जमकर तालियां बजाईं और उनकी आंखें आंसुओं से नम हो गईं।

डॉ. शर्मा ने अरूण सोनी के निर्देशन और पं. दुर्जय भौमिक की तबला संगति में सितार वादन में राग सरस्वती की स्वर लहरियों से जब सितार की तारों को छेड़ा तो शास्त्रीय संगीत के मधुर वातावरण से सभागृह गुंजायमान हो उठा। श्रोताओं ने प्रस्तुति का रसपान करते हुए तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

# एसआईपी कार्यक्रम में 1000 बच्चों ने हल किए गणित के कठिन सवाल

**रायपुर।** सोशेबल इंट्रलेक्चर प्रोग्रेसिव अकादमी इंडिया मुख्य ब्रांच द्वारा स्थानीय रिसोर्ट में छत्तीसगढ़ रीजनल एसआईपी प्रोडिजी-2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के 20 सेंटर्स से 6 से 15 वर्ष के 1000 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कई खेलों का आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। बच्चों के साथ उनके अभिभावक शामिल हुए और उनका उत्साह बढ़ाते नजर आए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयोजन कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का था। सभी प्रतिभागियों ने मानसिक गणित और अबेकस में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उन्हें केवल 11 मिनट में 300 चुनौतीपूर्ण गणित के सवालों को हल करना था। साथ ही उनकी गति, सटीकता व एकाग्रता की भी परीक्षा हुई।



### चेन्नई में प्रोडिजी प्रतियोगिता में शामिल होंगे बच्चे

कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं, जिन्होंने प्रतिभागियों के अनुशासन, दृढ़ संकल्प और जुनून की सराहना की। आयोजन में शामिल एसआईपी अकादमी इंडिया एंड इंटरनेशनल के प्रबंध निदेश दिनेश विक्टर ने कहा कि इसमें भाग लेने वाला प्रत्येक बच्चा विजेता है और यह अभ्यास से प्राप्त विकास जीवनभर बना रहेगा। एसआईपी अकादमी इंडिया के बिजनेस हेड सनुईव मेनन ने कहा कि मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरते सामाजिक प्रतिभाशाली और प्रगतिवान बनाना है। उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को चेन्नई में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रोडिजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ रीजनल एसआईपी प्रोडिजी प्रतियोगिता के प्रतिभाशाली विजेता बच्चों को शिरकत करने का अवसर मिलेगा। इससे बच्चों को नए शहर से जुड़ने व नए लोगों से मुलाकात का मौका मिलेगा।

प्रोजेक्ट छांव के तहत जिले में शासकीय सेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण, दवाएं भी निशुल्क

# 1000 से अधिक सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने उठाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में प्रोजेक्ट छांव शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेहत के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू प्रोजेक्ट छांव से शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इंडोर स्टेडियम में रविवार को प्रोजेक्ट छांव कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत ने कहा कि रायपुर जिले के नवाचार प्रोजेक्ट छांव का शासकीय कर्मियों को लाभ मिल रहा है। एक ही छत के नीचे शासकीय कर्मियों को इलाज मिलना सुशासन का नया मॉडल है। श्री भगत ने कहा कि मेमोग्राफी का लाभ भी महिला कर्मचारियों को मिल रहा है। सभी प्रकार के टेस्ट की सुविधा यहां मिल रही है, यह सबसे अच्छी बात है। श्री भगत ने कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट को भविष्य में अन्य जिलों में शुरू किया जा सकेगा, ताकि कर्मियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सके और उनके परिवारजनों को भी स्वास्थ्य परीक्षण भी समय-समय पर फायदा मिलता रहे। साथ ही श्री भगत ने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नवाचार प्रोजेक्ट्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के





### समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा : डॉ. हिमांशु द्विवेदी

इस अवसर पर हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि सुशासन का दावा करना बड़े जोखिमपूर्ण है। ऐसे में सुशासन की दिशा में प्रोजेक्ट छांव जैसे नवाचार के कार्य जनसाधारण के लिए परस्पर मिलकर काम करते हैं। इससे ही सुशासन का संकल्प पूरा होता है। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि रायपुर में नवाचार के कार्य जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं, वे केवल सुर्खियों के लिए नहीं हैं, बल्कि धरातल पर कार्य होने से यह समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सुशासन का यह अध्याय बीजापुर से लेकर बलरामपुर तक पहुंचेगा तो सबसे बेहतर कार्य होगा।

निर्देश पर प्रदेशभर में इन प्रोजेक्ट को शुरू करने पर मंथन किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन कर्मचारियों के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा से हमारी कोशिश है कि कर्मचारी स्वस्थ रहें। डॉ. सिंह ने कहा कि अब तक साढ़े छह हजार से अधिक कर्मियों को योजना का लाभ मिल चुका है। इसमें डॉक्टरों के साथ विशेषज्ञ भी शामिल हो रहे हैं और यहां आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड जैसी अन्य सुविधाएं भी मिल रही हैं।

### 1000 से अधिक ने कराई निशुल्क स्वास्थ्य जांच



स्वास्थ्य शिविर में 1000 से अधिक सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ लिया। इस अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, डीपीओ शैल ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, बर्न विशेषज्ञ डॉ. सुनील कालड़ा, हृदय विशेषज्ञ डॉ. स्मित श्रीवास्तव सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री का जताया आभार

प्रोजेक्ट छांव में शामिल आरंग ब्लॉक कर्मचारी नंदनी चंद्राकर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रोजेक्ट छांव के तहत मुफ्त जांच एवं दवाई की व्यवस्था की गई है। मैंने अपना बीपी, शुगर, ब्लड टेस्ट आदि का जांच कराया। इस प्रोजेक्ट छांव के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करती हूं। वहीं गुढ़ियारी निवासी आंगनबाड़ी सहायिका सुशीला निर्मलकर ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार के इलाज हो रहे हैं, जिसमें सोनोग्राफी, ब्लड टेस्ट, मैमोग्राफी, शुगर, बीपी सहित अन्य जांच शामिल है। मैंने सभी जांच का लाभ लिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को 6 गोल्ड समेत 8 पदक




**रायपुर।** ग्वालियर में 29 से 31 अगस्त तक अटल बिहारी वाजपेयी प्रशिक्षण केंद्र में हुई 14वीं राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कुल 8 पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया, जिनमें 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य शामिल है। टी-11 वर्ग की 1500 मीटर और 400 मीटर रेस में सुखदेव ने स्वर्ण, 1500 मीटर रेस में निखिल कुमार यादव ने स्वर्ण, टी-45 वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में शिवराम साहू ने स्वर्ण, जबकि शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में यशोदा राजवाड़े ने दो स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा 400 मीटर दौड़ (टी-12 वर्ग) में नीलम टंडन ने रजत और लंबी कूद (टी-11 वर्ग) में देवमोती ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम मैनेजर निरंजन साहू और कोच बिमल बेरा के मार्गदर्शन में मिले इस शानदार नतीजे पर पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष आनंद छाबड़ा, उपाध्यक्ष प्रशांत श्री रघुवंशी, महासचिव डिकेश टंडन, सहसचिव नीता डूमरे सहित सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### सीनियर पुरुष वर्ग में दोहरा उलटफेर, पहली बार एम. रविराज बने विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के सहयोग से 29-31 अगस्त तक सप्रे शाला रायपुर में आयोजित श्री भोला प्रसाद तिवारी स्मृति प्रथम राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 संपन्न हुई। सीनियर पुरुष वर्ग में एम. रविराज ने सेमीफाइनल में अर्जुन मल्होत्रा और फाइनल में पूर्व विजेता सागर घाटगे को 4-3 से हराकर पहली बार खिताब जीता। अंडर-17 में सिद्धा धुपर (बालक) व समाया पांडे (बालिका) ने जीत दर्ज की। अंडर-13 में राजदीप गांगुली (बालक) और समाया पांडे (बालिका) विजेता बने। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पीएन मजूमदार तथा सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी एवं भूपेंद्र सिंह राजवंशी थे। जानकारी प्रतियोगिता के आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### छत्तीसगढ़ अंडर-23 टीम फाइनल में, पांडिचेरी को 3 विकेट से हराया



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पांडिचेरी द्वारा आयोजित मेंस अंडर-23 इंटरस्टेट वनडे अभ्यास मैच 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। 1 सितंबर को खेले गए मुकाबले में पांडिचेरी प्रेसीडेंस-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.1 ओवर में 192 रन बनाए। टीम की ओर से आकाश (68) और साई हरिराम (67) ने अहम योगदान दिया। छत्तीसगढ़ के हर्ष राठौर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि विजय यादव ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ ने 44.2 ओवर में 7 विकेट खोकर 194 रन बनाते हुए मैच 3 विकेट से जीत लिया। दीपक यादव ने नाबाद 61 रन, अनुराग साहू ने 37 रन और विजय यादव ने 32 रन बनाए। पांडिचेरी की ओर से अजय कुमार ने 3 और शिशिर ने 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ छत्तीसगढ़ की टीम फाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका मुकाबला 3 सितंबर को हिमाचल प्रदेश की टीम से होगा।

उम्र बढ़ने पर भी मजबूत हड्डियों का आनंद ले सकते हैं

# 30 साल की उम्र के बाद रोजाना खाएं ऐसे पदार्थ जिनसे हड्डियां रहें मजबूत, बनी रहे बेहतर सेहत

हड्डियों का स्वास्थ्य पूरे शरीर के लिए बहुत अहम है, खासकर 30 साल की उम्र के बाद हड्डियों का खास ख्याल रखना चाहिए क्योंकि इस उम्र के बाद हड्डियों का घनत्व तेजी से कम होने लगता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताएंगे, जिनका सेवन आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। इन खाद्य पदार्थों में कैल्शियम, विटामिन-डी और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व शामिल हैं।



#### पालक

पालक एक ऐसी हरी पत्तेदार सब्जी है, जिसमें कैल्शियम की मात्रा काफी होती है। कैल्शियम हड्डियों के निर्माण और विकास के लिए जरूरी होता है। इसके अलावा पालक में विटामिन-के भी पाया जाता है, जो हड्डियों की सेहत के लिए अहम होता है। रोजाना एक कटोरी पालक का सेवन करने से आपकी हड्डियां मजबूत रह सकती हैं। आप इसे सलाद या सब्जी के रूप में अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

#### दूध

दूध को हड्डियों के लिए सबसे अच्छा पेय माना जाता है क्योंकि इसमें कैल्शियम और विटामिन-डी दोनों ही मौजूद होते हैं। ये दोनों पोषक तत्व आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। रोजाना एक गिलास दूध पीने से आपकी हड्डियों को जरूरी पोषण मिलता है, जिससे वे स्वस्थ रहती हैं। आप चाहें तो दूध को अपने किसी भी पसंदीदा व्यंजन जैसे दलिया या स्मूदी में भी शामिल कर सकते हैं।

#### बादाम

बादाम में मैग्नीशियम नामक खनिज मौजूद होता है, जो हड्डियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। मैग्नीशियम हड्डियों की मजबूती बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें टूटने से भी बचाता है। रोजाना कुछ बादाम खाने से आपकी हड्डियों को जरूरी पोषण मिलता है, जिससे वे स्वस्थ रहती हैं। आप इन्हें सुबह नाश्ते में या किसी भी समय स्नैक के रूप में खा सकते हैं। इस प्रकार बादाम का सेवन आपकी हड्डियों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

#### संतरा

संतरा विटामिन-सी का बेहतरीन स्रोत है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। विटामिन-सी हड्डियों के निर्माण और विकास में अहम भूमिका निभाता है। रोजाना एक संतरे का सेवन करने से आपकी हड्डियों को जरूरी पोषण मिलता है, जिससे वे स्वस्थ रहती हैं। आप इसे नाश्ते में या किसी भी समय खा सकते हैं। इसके अलावा संतरे का रस भी पी सकते हैं, जिससे आपकी हड्डियों को विटामिन-सी मिलता रहता है।

#### हरी सब्जियां

हरी सब्जियां जैसे ब्रोकली, केल आदि विटामिन-के और फाइबर से भरपूर होती हैं, जो हड्डियों को मजबूती देने में मदद करते हैं। इन सब्जियों का नियमित सेवन करने से आपकी हड्डियां स्वस्थ रहती हैं और उनमें कमजोरी आने की संभावना कम रहती है। इन सभी खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपनी उम्र बढ़ने पर भी मजबूत हड्डियों का आनंद ले सकते हैं।



## घर में सुरक्षा कैमरे लगवाने की सोच रहे हैं ये हैं मुख्य जगह

आजकल कई लोग अपने घर की सुरक्षा के लिए सुरक्षा कैमरे लगवाते हैं। सुरक्षा कैमरे घर की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी होते हैं और इनसे न केवल चोरी की घटनाओं को रोकने में मदद मिलती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि आपका परिवार सुरक्षित रहे। सही जगहों पर कैमरे लगवाने से आप अपने घर की हर गतिविधि पर नजर रख सकते हैं। आइए जानते हैं कि घर में सुरक्षा कैमरे कहां-कहां लगवाने चाहिए।

**मुख्य दरवाजे पर लगाएं कैमरा :** मुख्य दरवाजे पर एक सुरक्षा कैमरा लगाना बहुत जरूरी है। इससे आप देख सकते हैं कि कौन आपके घर में प्रवेश कर रहा है और बाहर से ही किसी भी गतिविधि पर नजर रख सकते हैं। यह चोरी की घटनाओं को रोकने में मदद करता है और अगर कोई अनधिकृत व्यक्ति आपके घर में घुसता है तो आप तुरंत कार्रवाई कर सकते हैं। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करता है कि आपका परिवार सुरक्षित रहे।

**पीछे के दरवाजे पर भी है जरूरी :** अक्सर लोग पीछे के दरवाजे को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी होता है जितना कि मुख्य दरवाजा। पीछे के दरवाजे पर एक कैमरा लगवाने से आप देख सकते हैं कि पीछे से कौन आ रहा है या जा रहा है। इससे आपको यह भी पता चलता है कि कोई अनधिकृत व्यक्ति आपके घर के पीछे से प्रवेश करने की कोशिश कर रहा है या नहीं। यह आपके परिवार की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

**बगीचे या आंगन में लगाएं कैमरा :** अगर आपके पास बगीचा या आंगन है तो वहां भी एक सुरक्षा कैमरा लगवाना अच्छा रहेगा। इससे आप देख सकते हैं कि कोई अनधिकृत व्यक्ति आपके बगीचे या आंगन में घूम रहा है या नहीं।

#### बेडरूम की खिड़की पर रखें नजर

बेडरूम की खिड़की पर एक छोटा सा सुरक्षा कैमरा लगवाना भी फायदेमंद होता है। इससे आप देख सकते हैं कि कोई व्यक्ति आपकी खिड़की से अंदर आने की कोशिश कर रहा है या नहीं। यह खासकर तब जरूरी हो जाता है जब आप सो रहे होते हैं और किसी अनधिकृत व्यक्ति के अंदर आने का खतरा हो। इस तरह आप पहले ही उनकी गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं और समय पर कार्रवाई कर सकते हैं।

#### गैरेज के दरवाजे पर भी रखें नजर

अगर आपके घर का गैरेज का दरवाजा अलग है तो वहां भी एक सुरक्षा कैमरा लगवाना चाहिए ताकि कोई अनधिकृत व्यक्ति आपके वाहन या गैरेज के दरवाजे से अंदर आने की कोशिश करे तो आप पहले ही उसकी गतिविधियों पर नजर रख सकें। इन पांच जगहों पर सुरक्षा कैमरे लगवाने से आप अपने घर की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

## घर पर आसानी से बनाया जा सकता है गुजराती फाफड़ा, आसान है रेसिपी

गुजराती फाफड़ा एक लोकप्रिय स्नैक है, जिसे अक्सर त्योहारों और खास मौकों पर बनाया जाता है। यह कुरकुरा और मसालेदार स्नैक न केवल बच्चों बल्कि बड़ों को भी पसंद आता है। इसे बनाने में थोड़ा समय लगता है, लेकिन इसका स्वाद इतना बेहतरीन है कि आप इसे बार-बार बनाना चाहेंगे। आइए आज हम आपको गुजराती फाफड़ा की रेसिपी बताते हैं, जिसे आप घर पर आसानी से बना सकते हैं और अपने परिवार के साथ इसका आनंद ले सकते हैं।

**फाफड़ा बनाने के लिए जरूरी चीजें :** एक कप बेसन, आधा कप पानी, एक चौथाई चम्मच हल्दी पाउडर, एक चौथाई चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चौथाई चम्मच हींग, नमक (स्वादानुसार), एक छोटी चम्मच अजवाइन, एक छोटी चम्मच नींबू का रस, तेल (तलने के लिए), हरी मिर्च की चटनी (साथ परोसने के लिए), नींबू का रस (साथ परोसने के लिए) और पुदीने का पेस्ट (साथ परोसने के लिए)। आप चाहें तो सामग्रियों को अपने मन मुताबिक कम या ज्यादा कर सकते हैं।

**स्टेप-1 : ऐसे करें फाफड़ा बनाने की शुरूआत:** सबसे पहले एक बड़े कटोरे में बेसन, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हींग, नमक और अजवाइन डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें नींबू का रस और पानी डालकर एक सख्त आटा गूंथ लें। यह आटा थोड़ा सख्त होगा क्योंकि इसे बेलने की जरूरत नहीं पड़ती है।

## सोते समय गर्दन और कंधों में दर्द से बचने के लिए अपनाएं आसान टिप्स

अगर आपको सोते समय या सुबह उठते ही गर्दन और कंधों में दर्द या अकड़न का अनुभव होता है तो आपको अपने सोने के तरीके में बदलाव करने की जरूरत है, खासकर अगर आप किसी सोफे या कुर्सी पर सोते हैं तो यह आपकी रीढ़ और गर्दन के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप सोते समय गर्दन और कंधों के दर्द से बच सकते हैं।

**गर्दन के लिए सही तकिये का चयन करें :** सोते समय गर्दन के लिए सही तकिये का चयन करना बहुत जरूरी है। आपको ऐसा तकिया चुनना चाहिए, जो आपके सिर और गर्दन को सहारा दे। इससे आपकी रीढ़ सीधी रहेगी और गर्दन पर दबाव कम होगा। अगर आप पीठ के बल सोते हैं तो पतला तकिया लें, पेट के बल सोते हैं तो पतला और कंधों के नीचे मोटा तकिया लें और करवट लेकर सोते समय मोटा तकिया लें।

**सही गद्दा चुनें :** सोने के लिए सही गद्दे का चयन भी अहम है। गद्दा न बहुत नरम होना चाहिए और न ही बहुत कठोर। ऐसा गद्दा चुनें, जो आपके शरीर के आकार के अनुसार हो और आपको पर्याप्त सहारा दे सके।

































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## प्रिंट क्रिस कोलंबस को फैनटास्टिक फोर से कर दिया गया था बाहर



**लॉस एंजिल्स।** हालिया रिलीज 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म मैट शाकमैन की 'द फैंटास्टिक फोरः द फर्स्ट स्टेप्स' रिलीज के साथ ही मार्वल के दीवाने इसकी तुलना हली फिल्म टिम स्टोरी की 'फैंटास्टिक फोर' से कर रहे हैं। ये फिल्म आज से 20 साल पहले 2005 में रिलीज हुई थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि उस फिल्म में एक ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर तब एग्जेक्यूटिव प्रड्यूसर्स में से एक थे, जिन्हें बहुत ज्यादा राय देने की वजह से फिल्म से निकाल दिया गया था। इनका नाम क्रिस कोलंबस थे, जिन्होंने होम अलोन (1990), होम अलोन 2ः लॉस्ट इन न्यूयॉर्क (1992), और स्टेपमॉम (1998) जैसी यादगार फिल्मों का निर्देशन किया था। एक बातचीत में कोलंबस ने 2000 के दशक की शुरुआत में 'फैंटास्टिक फोर' में काम करने के अपने अनुभव को लेकर दिल खोलकर बातें कीं। वे एक फिल्म बनाने वाले थे और मैं उसे प्रड्यूस कर रहा था। मैं डायरेक्टर से मिला और कुछ विचार रखे। मैंने बेसिकली कहा था कि इस फिल्म का कुछ हिस्सा फैंटास्टिक फोर के मेकर जैक किर्बी जैसा और मार्वल के सिल्वर एज जैसा लगना चाहिए। उन्होंने बताया, मैं उस मीटिंग से निकला और घर लौटते समय मुझे ट्वीन्टी सेंचुरी फोक्स के हेड का फोन आया, जिसमें कहा गया कि मुझे नौकरी से निकाल दिया गया है और मैं बहुत राय दे रहा हूं। कोलंबस हमेशा से एक सुपरहीरो फिल्म बनाना चाहते थे।

### टॉलीवुड

## जटाधारा में जीभ निकालकर तंत्र-मंत्र करतीं शिल्पा शिरोडकर, लुक से मची खलबली



सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'जटाधारा' में शिल्पा शिरोडकर नई कलाकार बनकर जुड़ गई है। फिल्म की टीम के रिलीज किए गए एक पोस्टर के अनुसार, वह शोभा नाम का एक किरदार निभाएंगी। पोस्टर पर टैगलाइन है, 'लालच जो तंत्र में बदल गया,' जो फिल्म में उनके किरदार के तांत्रिक पहलुओं की ओर इशारा करता है। पोस्टर में, शिल्पा शिरोडकर एक अजीबोगरीब काले रंग के कपड़े में दिखाई दे रही हैं, उनका मुंह खुला हुआ है मानो वो किसी काले जादू के अनुष्ठान में हों। मेकर्स ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'वह लालच से प्रेरित नहीं हैं, बल्कि वह इसे परिभाषित करती हैं।' 'जटाधारा' के बारे में बात करते हुए, शिल्पा शिरोडकर ने कहा, 'मैं जटाधारा का हिस्सा बनकर बहुत खुश और एक्साइटेड हूं। यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों को एक अलौकिक और रहस्यमयी सफर पर ले जाएगी! इसमें अविश्वसनीय और अद्भुत सीन्स और एक ऐसी कहानी है जो निश्चित रूप से आप सभी पर गहरा प्रभाव डालेगी!' उन्होंने आगे कहा, 'मेरा किरदार, शोभा, काफी सशक्त है। यह बहुत जटिल और दिलचस्प है। मैंने इस किरदार को जीवंत करने में अपना दिल और आत्मा लगा दी है और मैं इसे सभी के साथ स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं!' वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के डायरेक्शन में बनी 'जटाधारा' के टीजर में एक मंदिर के बैकग्राउंड में सुधीर बाबू और दिव्य दिखने वाली सोनाक्षी सिन्हा एक-दूसरे से भिड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### भोजपुरी

## खेसारी लाल यादव ने लड़की के साथ किया फ्लर्ट, लोगों ने कहा- घटिया



भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान एक्ट्रेस अंजलि राघव की कमर को छू दिया था, जिससे बवाल मच गया था। हालांकि, अब उन्होंने माफी भी मांग ली। लेकिन, अदाकारा ने इंडस्ट्री छोड़ दी है। अब इस बीच खेसारी लाल यादव का वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इसमें वह एक फीमेल फैन के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। लोग आलोचना कर रहे हैं। वायरल हो रहे वीडियो में खेसारी लाल यादव एक लड़की से पूछते हैं, 'ये बड़ी है कि छोटी?' तो जवाब आता है कि ये छोटी बहन है। फिर एक्टर उसे ऊपर से नीचे देखकर बोलते हैं, 'लेकिन इसका कुछ भी छोटा नहीं है। हाइट देखो, बाल देखो, बेचारी का चेहरा भी बड़ा है।' इसके बाद वो लड़की एक्टर के माइक पर खुश होकर थैंक यू कहती है तो खेसारी कहते हैं, 'आओ, आओ।' फिर गले लगा लेते हैं और आहें भरते हैं। खेसारी लाल वीडियो में आगे कहते हैं, 'जिंदगी मिले तो खेसारी लाल यादव जैसा। जहां चाहता हूं, वहीं पकड़ लेता हूं।' अब इस क्लिप में उनके बर्ताव को देख हर कोई आलोचना कर रहा है। और उनको घटिया बता रहा है। एक यूजर ने शेयर करते हुए लिखा, 'खेसारी लाल यादव ने इस लड़की के साथ जो किया वो ज्यादा शर्मनाक है या फिर पवन सिंह के जैसा ही है। ये भोजपुरी स्टार्स बहुत घटिया हैं।' बता दें कि पवन सिंह ने लखनऊ के इवेंट में एक्ट्रेस को गलत तरह से छुआ था तो हर कोई उन्हें ट्रोल कर रहा था। इस वाकये के दो दिन बाद एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अंजलि से माफी मांगी और लिखा, 'अंजलि जी, पुराने शेड्यूल के कारण मैंने आपका लाइव नहीं देखा। मुझे जब इस बात की जानकारी हुई, तो मुझे बुरा लगा। मेरा आपका प्रति कोई भी गलत इरादा नहीं था, क्योंकि हमलोग कलाकार हैं। इसके लिए बकवास, अगर आपको हमारी कोई भी व्यवहार से तकलीफ हुई हो तो उसके लिए मैं शमा प्रार्थी हूं।' इसके बाद अंजलि ने उनकी माफी पर रिएक्ट किया, 'पवन सिंह जी ने अपनी गलती की मन्फी मंगाली है।

## लाइफ स्टाइल

## तारा सुतारिया का लुक नई दुल्हन से कम नहीं

"गणपति उत्सव के लिए तारा ने डिजाइनर तरुण ताहिलियानी के काउचर कलेक्शन से इस साड़ी को लिया है। टिश्यू कांजीवरम फैब्रिक की साड़ी पर मोतियों और क्रिस्टल से सजा पल्ला बना है। जिसे तारा ने ब्यूटीफुली पर्ल और क्रिस्टल से सजे ब्लाउज के साथ पेयर किया है। जिसकी प्लजिंग नेकलाइन और बैक पर लगा ब्यूटीफुल पर्ल टेसल इसे खूबसूरत बना रहा है। ट्रेडिशनली कांजीवरम साड़ी पर्ल और क्रिस्टल का काम इसे ट्रेंडी लुक दे रहा है। साड़ी का कलर कॉम्बिनेशन भी ब्यूटीफुल है। गोल्ड टच लिए फैब्रिक पर व्हाइट पर्ल एंड क्रिस्टल की सजावट इसे यूनिक बना रही। फूलों का गजरा किसी नई नवेली दुल्हन के लुक के लिए परफेक्ट है।



# बालों को लंबा और घना बनाने के लिए लगाएं मोरिंगा का तेल, मिलेंगे ये मुख्य लाभ

मोरिंगा को सेहत का रामबाण कहा जाता है, क्योंकि यह कई फायदे प्रदान करता है। हालांकि, अब इसके बीज से निकाले जाने वाले तेल की भी खूब चर्चा होने लगी है। यह तमाम विटामिन और मिनरल से समृद्ध होता है, जो बालों को घना बनाने में मदद करते हैं। इससे मालिश करने से बालों की देखभाल हो जाती है और बालों की समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। आइए जानते हैं बालों में मोरिंगा का तेल लगाने के लाभ।

**क्या होता है मोरिंगा का तेल :** मोरिंगा का तेल मोरिंगा पौधे के बीज से निकाला जाता है। भारतीय सदियों से इसका इस्तेमाल करते आए हैं, क्योंकि यह बालों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इस तेल में विटामिन ए और सी मौजूद होते हैं, जो बालों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का काम करते हैं। इसमें अमीनो एसिड और एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो सिर की त्वचा में रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं और बालों को घना बनाते हैं।



**बालों को मिलता है पोषण :** मोरिंगा के तेल में ओमेगा-9 फैटी एसिड जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो बालों को पोषण देने का काम करते हैं। इनकी मदद से बाल जड़ से मजबूत बन जाते हैं और उनकी प्राकृतिक चमक बरकरार रहती है। अगर आप हर हफ्ते इस तेल का इस्तेमाल करेंगे तो जल्द ही आपके बाल पहले से ज्यादा स्वस्थ और घने नजर आने लगेंगे। साथ ही इसकी मदद से बालों का झड़ना भी कम हो जाएगा और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### सिर की त्वचा को मिलता है आराम

अगर आपको अपने सिर की त्वचा में खुजली और जलन आदि महसूस होती है तो मोरिंगा का तेल इस्तेमाल करें। इस तेल के पोषक तत्व सिर की त्वचा को आराम पहुंचाने की क्षमता रखते हैं। इसे लगाने से सिर की त्वचा मॉइस्चराइज हो जाएगी, जिससे वह शुष्क नहीं रहेगी। इस तेल के एंटी-फंगल और एंटी-माइक्रोबियल गुणों के चलते यह रूसी का सफाया कर देगा, जिससे खुजली भी बंद हो जाएगी।

### बाल हो जाते हैं मजबूत

मोरिंगा का तेल ओलिक एसिड जैसे मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड से भरपूर होता है। ये बालों को अंदरूनी तौर पर मजबूत बना सकते हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से बालों की जड़ों और लटों को पोषण और मजबूती प्रदान करने में मदद मिलती है। आयुर्वेद में भी इसे लगाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि वह बालों के बीच से टूटने और झड़ने की समस्या को भी हल कर सकता है। आप मोरिंगा से केक समेत ये स्वादिष्ट व्यंजन बना सकते हैं।

# नौवारी साड़ी के साथ पहनें महाराष्ट्र के ये पारंपरिक गहने

फैशन



नौवारी साड़ी महाराष्ट्र की पारंपरिक पोशाक है। यह साड़ी 9 मीटर लंबी होती है, जिस कारण इसका नाम नौवारी रख गया था। मराठी महिलाएं गणेश चतुर्थी और गुड़ी पड़वा जैसे त्योहारों और विशेष अवसरों पर इस साड़ी को पहनती हैं। हालांकि, नौवारी साड़ी का लुक तभी पूरा होता है जब उसके साथ पारंपरिक गहने भी पहने जाएं। आज के फैशन टिप्स में जानिए मराठी मुलगी वाला लुक पाने के लिए नौवारी साड़ी के साथ कौन-से गहने पहने जाते हैं।

**मराठी नथ :** नौवारी साड़ी के साथ मराठी नथ पहनना जरूरी है, जो पूरे लुक में चार चांद लगाने का काम करती है। इसे पेशवाई नथ भी कहते हैं, जो सदियों से मराठी इतिहास का अहम हिस्सा रही है। यह नथ सोने से बनी होती है और इसमें मोती, रत्न और अन्य कीमती पत्थरों का उपयोग किया जाता है। यह बड़े आकार की होती है और इसमें लटकन भी लगी होती हैं। इसे पहने बिना मराठी महिलाओं का श्रृंगार अधूरा माना जाता है।

**चोकर और लंबा हार :** मराठी महिलाओं की तरह तैयार होने के लिए नौवारी साड़ी पर सोने के आभूषण पहनें। लुक को पूरा करने के लिए पहले गले में सोने का छोटा चोकर पहनें। यह ऐसा हार होता है, जो गले में चिपका हुआ रहता है। इसके बाद आपको एक लंबा हार पहनना होगा, जो आपको शाही लुक प्रदान करेगा। इस हार की लंबाई या तो सीने तक या पेट तक होनी चाहिए। आप अपनी पसंद की डिजाइन वाले हार पहनकर बिलकुल मराठी मुलगी लगेंगी।



**लटकन वाले झुमके :** कोई भी पारंपरिक लुक बिना झुमके पहने पूरा ही नहीं हो सकता। हालांकि, नौवारी साड़ी के साथ साधारण डिजाइन वाले झुमके नहीं जंचते। इसके साथ आपको लटकन वाले सोने के बड़े झुमके पहनने होंगे। ऐसा झुमका चुनें, जिसके निचले भाग पर मोती या लटकन लगे हों। उसके साथ कान चेन भी लगाएं, जो झुमके से लटकती है और उसे बालों में अटकाया जाता है। इसे पहनकर आप बिलकुल किसी मराठी रानी जैसा महसूस करने लगेंगी।

**कंगन, चूड़ियां और बड़ी अंगूठियां :** नौवारी साड़ी पहनने के बाद आप अपने हाथों को सजाना कैसे भूल सकती हैं? इसके लिए आपको हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहननी होंगी। मराठी संस्कृति में महिलाएं प्रजनन क्षमता, नई शुरुआत और शुभता के प्रतीक के रूप में हरी चूड़ियां पहनती हैं। इन्हें सोने के सुंदर डिजाइन वाले कड़ों के साथ स्टाइल करें, जिससे आपके हाथ और भी खूबसूरत दिखेंगे। लुक को पूरा करने के लिए उंगलियों में बड़ी अंगूठियां भी सजा लें।

# चांदी की चेन को साफ करने के आसान घरेलू तरीके, जो उसे बना देंगे नए जैसा

चांदी की चेन एक ऐसा गहना है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा पहना जाता है। इसे पहनकर संपूर्ण लुक शानदार दिखने लगता है और शाही अंदाज मिलता है। हालांकि, समय के साथ चांदी की चेन की चमक कम हो जाती है और उसका रंग फीका पड़ने लगता है। अगर, आप उसे फिर से नए जैसा चमकाना चाहते हैं तो आपको ये तरीके आजमाकर देखने चाहिए। इन घरेलू नुस्खों के जरिए चांदी की चेन अच्छी तरह साफ हो जाएगी।

**पहले जानें क्यों कम हो जाती है चांदी की चमक :** सोने के गहनों की चमक सालों-साल तक नए जैसी बनी रहती है। हालांकि, चांदी के जेवरों की चमक बहुत जल्दी ही फींकी पड़ जाती हैं। चांदी हवा में मौजूद सल्फर के साथ प्रतिक्रिया करके एक काली परत बनाती है। इसी कारण से उसकी चमक कम होती जाती है। उमस भरे वातावरण में तो यह और भी जल्दी होता है। ऐसे में चांदी के गहनों को समय-समय पर साफ करने की सलाह दी जाती है।



### बेकिंग सोडा आएगा काम

अगर आपको अपनी चांदी की चेन तुरंत पहननी है और उसे जल्दी साफ करना है तो बेकिंग सोडा काम आएगा। इसके लिए एक कटोरे पर अल्मूनियम फोएल लगा दें और चमकीले भाग को ऊपर की तरफ रखें। इसमें गर्म पानी और एक चम्मच बेकिंग सोडा मिला दें और अपनी चांदी की चेन डाल दें। जब चेन से हल्का झाग उठने लगे तो समझ जाएं की उसका कालापन पूरी तरह साफ हो चुका है।


### टूथपेस्ट से करें साफ

अगर आपकी रसोई में बेकिंग पाउडर खत्म हो गया है तो आप बाथरूम में रखी एक चीज का भी उपयोग कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं टूथपेस्ट की, जो गंदगी को साफ करने में मददगार होता है। इसके लिए एक मुलायम और साफ कपड़े पर थोड़ा-सा टूथपेस्ट लगाएं। इसकी मदद से चांदी की चेन को धीरे-धीरे रगड़कर साफ करें। करीब 10 मिनट के बाद पानी से धोकर टूथपेस्ट को साफ कर लें।

# महिलाओ के बीच लोकप्रिय हो रहा 'टायर्ड गर्ल मेकअप ट्रेंड', जानिए इसे करने का तरीका

समय-समय पर महिलाओं के बीच नए मेकअप ट्रेंड वायरल होते रहते हैं। इन्हीं में से एक है 'टायर्ड गर्ल मेकअप', जो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मेकअप नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय शो 'वेडनसडे' की मुख्य किरदार से प्रेरित है, जो हमेशा गुस्से में नजर आती है। इसमें ऐसा मेकअप करना शामिल होता है, जिससे थका हुआ लुक मिले। आइए इस मेकअप को करने का तरीका जानते हैं।

**क्या होता है टायर्ड गर्ल मेकअप :** यह मेकअप ट्रेंड सोशल मीडिया पर खूब प्रसिद्ध हो रहा है और खास तौर से पश्चिमी देशों की महिलाओं को पसंद आ रहा है। इसमें साफ-सुथरा मेकअप नहीं, बल्कि थोड़ा गहरा मेकअप करना होता है। जिन काले घेरों को महिलाएं छुपाने की



कोशिश करती हैं, इस मेकअप लुक में उन्हें ही दिखाने की कोशिश की जाती है। अगर आप देर तक जागती हैं तो आपको इसके लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।

**सबसे पहले करें बेस मेकअप :** इस लुक को हासिल करने के लिए सबसे पहले आपको अपना बेस मेकअप करना होगा। इसके लिए हेवी यानि पूरी कवरेज वाले फाउंडेशन के बजाय हल्का फाउंडेशन और कंसीलर लगाएं। पूरे चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं और केवल उन जगहों पर कंसीलर इस्तेमाल करें, जहां जरूरत हो। अगर आप बहुत हल्की कवरेज चाहती हैं तो टिंटेड मॉइस्चराइजर या बीबी क्रीम लगाएं। इससे चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे और समान रंगत मिलेगी।

**आंखों पर लाइनर लगाकर फैलाएं :** इस लुक में सबसे अहम है आंखों का मेकअप, जिससे आपके चेहरे पर थकान नजर आएगी। इसके लिए विंग आई लाइनर लगाने की कोशिश न करें, बल्कि एक बिगड़ा हुआ लुक अपनाएं। सबसे पहले काला आई लाइनर लगाएं और उसे छोटे ब्रश की मदद से हल्का-सा फैला लें।

कार्नर न्यूज

**न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि आपकी स्टाइल को भी नया रूप देता है**

# पुरानी साड़ी को बदलें डिजाइनदार स्कर्ट में, आपकी स्टाइल को देगा नया लुक

आजकल पुरानी चीजों को नए तरीके से इस्तेमाल करने का चलन बढ़ गया है। इसी कड़ी में आप अपनी पुरानी साड़ी को एक नई स्कर्ट में बदल सकते हैं। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि आपकी स्टाइल को भी नया रूप देता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी पुरानी साड़ी को एक खूबसूरत स्कर्ट में बदल सकते हैं।



### साड़ी की लंबाई और चौड़ाई नापें

सबसे पहले अपनी साड़ी की लंबाई और चौड़ाई नापें, जिसे आप स्कर्ट के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। इसके लिए आपको अपनी कमर से लेकर टखने तक की लंबाई नापनी होगी। इसके अलावा कमर का माप भी लें ताकि स्कर्ट अच्छी तरह से फिट हो सके। इन नापों को ध्यान में रखते हुए आप अपनी स्कर्ट की डिजाइन तय कर सकते हैं और उसे सिलाई के लिए तैयार कर सकते हैं।

### साड़ी का पल्लू काटें

अब आपको साड़ी के पल्लू को काटना होगा, जो स्कर्ट के हिस्से में नहीं आएगा। आमतौर पर पल्लू का हिस्सा सबसे ज्यादा कढ़ाई वाला होता है इसलिए इसे काटने से पहले ध्यान रखें कि आपकी स्कर्ट की लंबाई कितनी होगी। पल्लू को काटते समय ध्यान रखें कि उसकी कढ़ाई वाली जगहें स्कर्ट के बीच में न आएं। इससे आपकी स्कर्ट का लुक बेहतरीन रहेगा और वह पहनने में भी आरामदायक होगी।

### कमरबंद बनाना सीखें

स्कर्ट के लिए कमरबंद बनाना बहुत जरूरी होता है ताकि वह अच्छी तरह से फिट हो सके। इसके लिए आपको लचीला पट्टा चाहिए होगा, जिसे आप अपनी कमर के अनुसार काट सकते हैं। इसके बाद इसे स्कर्ट के ऊपर अच्छे से सिल दें। इससे आपकी स्कर्ट आरामदायक होगी और पहनने में भी आसानी होगी। कमरबंद को ठीक से सिलने पर आपकी स्कर्ट पूरी तरह तैयार हो जाएगी और आप इसे विभिन्न अवसरों पर पहन सकती हैं।



### सीधी सिलाई करें

अब बारी आती है सीधी सिलाई की, जिससे आपकी स्कर्ट पूरी तरह तैयार हो सकेगी। सबसे पहले स्कर्ट के किनारों पर सिलाई करें, जिससे वह मजबूत बनेगी और टूटेगी नहीं। इसके बाद नीचे की ओर भी सिलाई करें ताकि स्कर्ट का किनारा साफ-सुथरा दिखे। इस तरह आप आसानी से अपनी पुरानी साड़ी को एक नई खूबसूरत स्कर्ट में बदल सकते हैं।

### सजावट जोड़ें

आखिरी चरण है सजावट जोड़ना, जिससे आपकी स्कर्ट और भी आकर्षक लगेगी। आप चाहें तो स्कर्ट पर छोटे-छोटे बटन, लेस या फिर मोटिफ्स जोड़ सकती हैं। इससे आपकी स्कर्ट देखने में बहुत ही खास लगेगी और इसे पहनकर आप अलग-अलग अवसरों पर आकर्षक दिखेंगी। इस तरह आप अपनी पुरानी साड़ी को एक नई खूबसूरत स्कर्ट में बदल सकती हैं, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल होगी बल्कि आपके स्टाइल को भी नया रूप देगी।